राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 113 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



केरल में पीएम नरेंद्र मोदी चर्च के पादरियों संग मीटिंग करते हुए।

# देश को पहली वाटर मेट्रो मिली

## मोदी ने पहले डिजिटल साइंस पार्क की नींव रखी, केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**वाटर मेट्रो की सौगात**

= मोदी ने तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा उन्होंने देश के पहले वाटर मेट्रो सर्विस का उद्घाटन किया। मोदी ने तिरुवनंतपुरम में डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पीएम सबसे पहले सुबह 11 बजे तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचे और तिरुवनंतपुरम-कासरगोड के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को विदा किया। यह ट्रेन तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, कोट्टायम, एनार्कुलम, त्रिशूर, पलक्कड़, पठानमथिट्टा, मलप्पुरम, कोझिकोड जैसे 11 जिलों को कवर करेगी। ढट ने डिंडीगुल-पलानी-पलक्कड़ सेक्शन के रेल इलेक्ट्रिफिकेशन का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने तिरुवनंतपुरम में देश के पहले डिजिटल साइंस पार्क की आधारशिला रखी। यह प्रोजेक्ट कुल 1515 करोड़ का है। पहले फेज में इसमें 200 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा पीएम ने देश की पहली वाटर मेट्रो सर्विस का भी उद्घाटन किया। पोर्ट सिटी कोच्चि में तैयार की गई मेट्रो कोच्चि सिटी से आस-पास के 10 टापुओं को जोड़ेगी।

**वंदे भारत के लिए केरल के लोगों को बधाई दी:** पीएम ने कहा कि आज केरल को अपनी पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है, आज कोच्चि को वाटर मेट्रो की सौगात मिली है। कनेक्टिविटी के साथ-साथ आज केरल के विकास से जुड़े और भी कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इन सभी के लिए केरल के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। प्रधानमंत्री ने केरल के लोगों की तारीफ करते हुए कहा- यहां के लोग बहुत ही जागरूक, समझदार और शिक्षित लोगों का प्रदेश है। यहां के लोगों का सामर्थ्य, विनम्रता, परिश्रम उनकी एक विशिष्ट पहचान बनाता है। आप सभी देश-विदेश की परिस्थितियों से भी भली भांति परिचित रहते हैं।

**वंदे भारत हमारे पर्यटन स्थलों को भी जोड़ रही:** प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी तक जितनी भी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चली हैं उनकी एक विशेषता यह भी है कि वो हमारे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन स्थलों को भी जोड़ रही है। केरल की पहली वंदे भारत ट्रेन भी नॉर्थ केरल को साउथ केरल से जोड़ेगी। आधुनिक सुविधाओं से लेस यह ट्रेन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना तेज गति से यात्रा का शानदार अनुभव देगी।






### कोच्चि वाटर मेट्रो के 2 मेन कंपोनेंट है

**बोट:** पैसेंजर सर्विस के लिए कुल 78 ईकोफ्रेंडली बोट चलेंगी। इनमें से 23 बोट 100 यात्रियों को ले जा सकती हैं, बाकी की 55 बोट 50 यात्रियों को कैरी कर सकती हैं। इन बोट्स के अलावा, इमरजेंसी और मेंटेनेंस की स्थिति में मेन फ्लीट को सपोर्ट करने के लिए चार रेस्क्यू बोट भी है। मेट्रो में लिथियम टाइटनेट ऑक्साइड बैटरी लगी है। ये बैटरी टेक्नोलॉजी नई है और बोट को 10 से 15 मिनट में चार्ज किया जा सकता है। चुनिंदा स्थानों पर फ्लोटिंग जेटी में सुपर-चार्जर लगाए गए हैं। बोट में जनरेटर बैक-अप भी है। ये बोट्स पूरी तरह से एयर-कंडीशन्ड है। इसकी बड़ी खिड़कियों से पैसेंजर बाहर के नजारें देख सकते हैं। इंटीरियर को भी मेट्रो ट्रैवलर्स को बेहतरीन सर्विस देने के लिए डिजाइन किया गया है। बोट को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि हाई स्पीड पर भी कम लहरें पैदा हो।

ऑटोमैटिक बोट लोकेशन सिस्टम वायटिला हब में ऑपरेटिंग कंट्रोल सेंटर से बोट की पोजीशन की लगातार निगरानी कर सकता है। सीसीटीवी सिस्टम बेहतर सेफ्टी के लिए रिमोट लोकेशन से नाव की गतिविधियों की निगरानी करने में सक्षम है। यह कटमैन फैरी डिजाइन्ड बोट है। इसकी लंबाई 24.8 मीटर है। इसमें एक बार में 100 पैसेंजर ट्रैवल कर सकते हैं। यह कटमैन फैरी डिजाइन्ड बोट है। इसकी लंबाई 24.8 मीटर है। इसमें एक बार में 100 पैसेंजर ट्रैवल कर सकते हैं। बोट के इंटीरियर में बड़ी खिड़कियां दी गई है ताकि पैसेंजर सफर के दौरान बाहर के एग्जॉटिक व्यू का भी आनंद ले सके।



**बोट टर्मिनल:** साइज और कैपेसिटी के हिसाब से तीन तरह के बोट टर्मिनल है। मेजर, इंटरमीडिएट और माइनर टर्मिनल। पीक ऑवर ट्रैफिक के आधार पर टर्मिनलों को प्लान किया गया है। टर्मिनल मेजर और टर्मिनल इंटरमीडियेट माना जाता है।

### पहली वाटर मेट्रो 15 मिनट में फुल चार्ज होती है...

**टीम एक्शन इंडिया/कोच्चि**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केरल के कोच्चि में भारत की पहली वाटर मेट्रो की शुरूआत की। इस प्रोजेक्ट की कॉस्ट 1,137 करोड़ रुपए है। वाटर मेट्रो कोच्चि में और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने इन बोट्स को मैन्युफैक्चर किया है। अभी इस प्रोजेक्ट के पहले फेज में 8 बोट से शुरूआत की गई है। पूरा प्रोजेक्ट कम्प्लीट होने के बाद 78 फास्ट, इलेक्ट्रिकली प्रोपेल्ड हाइब्रिड बोट चलाई जाएंगी। इससे पॉल्यूशन कम करने में मदद मिलेगी और कोच्चि झील के किनारे बसे परिवारों का मेन मार्केट तक पहुंचना आसान हो जाएगा। वाटर मेट्रो से द्वीप पर रहने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। पीएम मोदी ने कहा- कोच्चि वाटर मेट्रो का प्रोजेक्ट भी 'मेड इन इंडिया' है... यूनिक है। इसके लिए मैं कोच्चि शिपयार्ड को भी बधाई देता हूं। वाटर मेट्रो से कोच्चि के इर्द-गिर्द अनेक द्वीपों पर रहने वाले लोगों को सस्ता और आधुनिक ट्रांसपोर्ट मिलेगा। केरल में हो रहा यह प्रयोग देश के अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बनेगा।

## रहाणे की 15 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारत ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में मुंबई के बैटर अजिंक्य रहाणे का भी नाम है। 15 महीने बाद उन्हें टीम इंडिया में जगह दी गई है। रहाणे ने अपना पिछला मुकाबला 11 जनवरी 2022 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। टीम में 6 स्पेशलिस्ट बैटर शामिल किए गए हैं, पर इनमें सूर्यकुमार यादव का नाम नहीं है।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 7 से 11 जून के बीच इंग्लैंड के ओवल मैदान में इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच होना है। टीम इंडिया लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। 2021 में खेले गए पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हराया था।

## पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल का निधन



**चंडीगढ़:** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का 95 साल की उम्र में मंगलवार को निधन हो गया। शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मोहाली के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। वे 5 बार पंजाब के मुख्यमंत्री रहे।

जून 2022 में भी सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। कुछ समय बाद अस्पताल से उनकी छुट्टी हो गई थी। सितंबर 2022 में फिर सेहत बिगड़ने के बाद उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया था। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से निष्क्रिय

बादल 2022 में पंजाब विधानसभा का चुनाव हार गए थे। यह उनके राजनीतिक करियर की पहली हार थी। अधिक उम्र के कारण वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे, लेकिन बेटे सुखबीर बादल के कहने और पंजाब में अकाली दल की दयनीय स्थिति को देखते हुए प्रकाश सिंह बादल चुनावी मैदान में उतरे थे।

## यूपी: 10वीं में 89% और 12वीं में 75% छात्र पास



**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**

**उत्तर** प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपी बोर्ड) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। 10वीं में कुल 89.78% स्टूडेंट्स पास हुए। छात्रों का पासिंग परसेंट 86.64%, जबकि छात्राओं का 93.34% रहा है। वहीं, 12वीं का कुल रिजल्ट 75.52% रहा है। इसमें 69.34% छात्र और 83% छात्राएं पास हुई हैं। दोनों परीक्षाओं में कुल 432 छात्र टॉप-10 में शुमार रहे हैं। 10वीं में सीतापुर की प्रियांशी सोनी ने टॉप किया। उन्होंने 600 में से 590 अंक हासिल किए। 12वीं में महोबा के शुभ छाबड़ा ने टॉप किया। उन्होंने 500 में से 489 अंक हासिल किए। हाईस्कूल और इंटर, दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने बाजी मारी है।

## मन की बात पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में आमिर



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। कॉन्क्लेव का उद्घाटन सुबह 10 बजे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे। इस सम्मेलन में अभिनेता आमिर खान, अभिनेत्री रवीना टंडन, किरण बेदी, दीपा मलिक सहित मन की बात कार्यक्रम में उल्लेखित लगभग 100 नागरिक शामिल होंगे। ये प्रतिभागी पारंपरिक कला, संस्कृति और शिल्प को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काम करने वाले लोग हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति द्वारा दो पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा।

## महिला रेसलर्स की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई

### शिकायत वापस लेने का दबाव, जान को खतरा: पहलवान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई** दिल्ली जिले स्थित जंतर मंतर पर पहलवानों का धरना प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी है। बीते 2 दिनों से पहलवान जंतर-मंतर पर ही रात गुजारने को मजबूर हैं। मंगलवार को धरना प्रदर्शन का तीसरा दिन है। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण पर पहलवानों की तरफ से यौन शोषण को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमवार रात भी बजरंग, साक्षी, संगीता और विनेश समेत कई पहलवान जंतर मंतर धरना स्थल पर ही सोए। धरने पर बैठे पहलवानों को राजनीतिक दलों और नेताओं से समर्थन मिली। दोपहर तक कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा पहलवानों से मिलने धरना स्थल पर पहुंचें। सोमवार को भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा, आप के राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने पहलवानों से मिलकर उनको अपना समर्थन दिया था। केंद्र सरकार की खेल नीति के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे खिलाड़ियों के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि, "बड़े खेद का विषय है कि देश का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को धरने पर बैठना पड़ रहा है, उनको न्याय मिलना चाहिए। स्वयं कल दिल्ली के जंतर-मंतर के धरनास्थल पर जाऊंगा"।

## ऑपरेशन कावेरी: भारतीयों का पहला जत्था सूडान से रवाना

**टीम एक्शन इंडिया/सूडान**

**सूडान में** इस समय 3000 से ज्यादा भारतीय फंसे हुए हैं। भारत ने संघर्ष प्रभावित सूडान में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार को 'ऑपरेशन कावेरी' शुरू किया है। ऑपरेशन कावेरी के तहत 500 भारतीय सूडान के पोर्ट पर पहुंच गए हैं और बाकियों को भी सुरक्षित स्थान पर लाने की तैयारी की जा रही है, ताकि वहां से उन्हें जल्द से जल्द सुरक्षित भारत लाया जा सके। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी है कि सूडान में फंसे भारतीयों के पहले समूह रवाना कर दिया गया है जिसमे 278 लोग शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया फंसे हुए भारतीयों का पहला जत्था ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से रवाना हुआ। आईएनएस सुमेधा 278 लोगों के साथ पोर्ट सूडान से रवाना हुआ।

**ऑपरेशन कावेरी**

= 500 भारतीय सूडान के पोर्ट पर पहुंच गए हैं और बाकियों को भी सुरक्षित स्थान पर लाने की तैयारी की जा रही है



सूडान में इस समय 3000 से ज्यादा भारतीय फंसे हुए हैं। भारत ने संघर्ष प्रभावित सूडान में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए सोमवार को 'ऑपरेशन कावेरी' शुरू किया है।

## सरकारी कंपनियों से पीएम केयर्स को 2913 करोड़ मिले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पीएम केयर्स** फंड को लिस्टेड कंपनियों की ओर से दिए दान में सरकारी कंपनियों का योगदान ज्यादा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों पर नजर रखने वाली फर्म प्राइमइन्फोबेस डॉट कॉम के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि पीएम केयर्स में सरकारी कंपनियों ने करीब 2,913.6 करोड़ रुपए दिए। ऐसी 57 कंपनियों की पहचान की, जिनमें सरकार की बड़ी हिस्सेदारी है। दान की कुल रकम 4,910.5 करोड़ रुपए (सरकारी और निजी कंपनियां) में सरकारी कंपनियों का योगदान 59.3% रहा। इन 57 कंपनियों में से शीर्ष 5 कंपनी ओएनजीसी (370 करोड़ रुपए), एनटीपीसी (330 करोड़ रुपए), पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (275 करोड़ रुपए), इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (265 करोड़ रुपए) और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (222.4 करोड़) हैं। कोरोना महामारी के चलते मार्च 2020 में यह फंड बनाया गया था, जो शुरूआत से ही विवादों में रहा। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम केयर्स फंड का ऐलान किया था, ताकि कोरोना से लड़ने के लिए लोग अपनी इच्छा से डोनेट कर सकें।



**पीएम केयर्स फंड**

= दान की कुल रकम 4,910.5 करोड़ रुपए में सरकारी कंपनियों का योगदान 59.3% रहा

## केदारनाथ धाम के कपाट खुले

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**उत्तराखंड** में केदारनाथ धाम के कपाट मंगलवार सुबह 6.20 बजे खुल गए। मंदिर के मुख्य पुजारी जगद्गुरु रावल भीम शंकर लिंग शिवाचार्य ने मंदिर के कपाट खोले। मंदिर को 20 क्विंटल फूलों से सजाया गया। पिछले 72 घंटों से यहां बर्फबारी हो रही है। खराब मौसम के कारण मंदिर जाने वाले हजारों तीर्थयात्रियों को आगे बढ़ने से रोक दिया गया था। इसके बाद भी बड़ी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं।।



दर्शन के लिए सुबह से भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह पांच बजे से ही कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ बाबा केदार की पंचमुखी भोग मूर्ति डोली में रावल निवास से मंदिर परिसर में पहुंची। यहां भक्तों ने बाबा के जयकारे लगाए।

**याचिकाकर्ता की दलील**

### संसद ने 5 साल तक पॉजिटिव रिस्पॉन्स नहीं दिया

## सेम सेक्स मैरिज: 'जी-20 के 12 देशों में इसे मान्यता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने वाली 20 याचिकाओं पर चौथे दिन की सुनवाई पूरी हुई। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि दुनिया के 34 देश सेम सेक्स मैरिज को मान्यता दे चुके हैं। इनमें जी-20 के 12 देश भी शामिल हैं। इस मामले में हमें पीछे नहीं रहना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि एलजीबीटी के अधिकारों को लेकर संसद ने 5 साल में कोई पॉजिटिव रिस्पॉन्स नहीं दिया। मंगलवार को 6 वकीलों ने दलीलें रखीं। पांचवे दिन की सुनवाई बुधवार सुबह 11 बजे से शुरू होगी। जहां शुरूआती 45 मिनट ही



बाकी वकीलों का पक्ष सुना जाएगा, इसके बाद एसजी तुषार मेहता अपना पक्ष रखेंगे। सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की संवैधानिक बेंच कर रही है। मंगलवार को 3 जज कोर्ट रूम से और बाकी 2 जज घर से वर्चुअली जुड़े। एलजीबीटी समुदाय के अभिभावकों की संस्था स्वीकार ने उखकडीवाई चंद्रचूड़ को ओपन लेटर लिखा है। कहा कि हमें न्याय पर पूरा भरोसा है। हमारे बच्चों की शादियों पर कानूनी मुहर लगनी चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि सेम सेक्स मैरिज का मामला संसद पर छोड़ दिया जाए। इउकके मुताबिक, देश में 99% से ज्यादा लोग सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने के विरोध में हैं। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट गीता लूथरा, आनंद ग्रोवर, जयना कोठारी, मेनका गुरुस्वामी, सौरभ कृपाल और वृंदा ग्रोवर ने दलीलें दीं।

## नवाब मलिक की जमानत याचिका पर 1 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट एनसीपी नेता नवाब मलिक की जमानत याचिका पर सुनवाई को तैयार हो गया है। कोर्ट जमानत याचिका पर 1 मई को सुनवाई करेगा। आज चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने वकील कपिल सिब्बल ने मामले पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 1 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। कपिल सिब्बल ने कहा कि एनसीपी नेता की एक किडनी फेल हो गई है और दूसरी काम करना बंद कर रही है, इसलिए उनको जमानत दी जाए।

## कांग्रेस दिवालिया हुई: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**अमित** शाह तीन दिन के कर्नाटक दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को उन्होंने बागलकोट में चुनावी रैली को संबोधित किया। यहां उन्होंने मुस्लिम आरक्षण, भाजपा नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने, पीएफआई बैन, और जेडी (एस)-कांग्रेस को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अपने नेताओं की कमी है। उसका दिवालियापन इस बात से साबित होती है कि चुनाव लड़ने के लिए वह भाजपा छोड़कर आए नेताओं पर आश्रित है। दरअसल, 15 अप्रैल को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के बड़े नेता जगदीश शेट्टार ने पार्टी छोड़ दी थी। एक दिन बाद उन्होंने कांग्रेस जॉइन कर ली। वे भाजपा की तरफ से चुनाव का टिकट न मिलने से नाराज थे।



**हमारे नेताओं ने पार्टी क्या छोड़ी, कांग्रेस को लगा बहुत फायदा हो गया:** उन्होंने कहा कि हमारे एक दो नेताओं ने पार्टी क्या छोड़ दी और उनकी पार्टी में क्या शामिल हुए, उन्हें लगने लगा कि बहुत फायदा हो गया। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि आपको कोई फायदा नहीं होने वाला। शाह ने कहा कि भाजपा ने जब येदियुरप्पा जी को मुख्यमंत्री बनाया, तब जेडी(एस) का उपयोग करके कांग्रेस ने ही उन्हें पद से हटने पर मजबूर किया था।

# 'ऑपरेशन मुस्कान' हो रहा है कामयाब

## प्रदेश पुलिस द्वारा पहली अप्रैल से चलाया हुआ ऑपरेशन मुस्कान ने तीन हफ्तों में ही 536 बच्चों को उनके परिवार तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की

**8 सबसे दिलचस्प बात यह कि इसमें खाकी को हर दिन सफलता मिल रही है और किसी न किसी मां के आंसू फिर से खुशियों के आंसू में तब्दील हो रहे हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
ऑपरेशन मुस्कान के तहत इस समय खाकी लोगों के घर की खुशियां लौटाने के अभियान में लगी है और सबसे दिलचस्प बात यह कि इसमें खाकी को हर दिन सफलता मिल रही है और किसी न किसी मां के आंसू फिर से खुशियों के आंसू में तब्दील हो रहे हैं। इस ऑपरेशन के तहत पुलिस को वैसे तो काफी मशक्कत करनी पड़ रही है लेकिन जब घर परिवार वाले दुआएं देते हैं। पुलिसकर्मियों को अपनी मेहनत का सार्थक परिणाम दिख रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश पुलिस द्वारा पहली अप्रैल से चलाया हुआ ऑपरेशन मुस्कान ने तीन हफ्तों में ही तकरीबन 536 बच्चों को उनके परिवार तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों की तलाश कर उन्हें बरामद करते हुए उनके परिजनों को सौंपने के अभियान में लगी है। स्टेट क्राइम ब्रांच के अंतर्गत कार्य करने वाली एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स कई वर्षों से खोये हुए बच्चों, व्यक्तियों, बाल भिखारियों, बाल मजदूरों को रेस्क्यू करने का कार्य कर रही है। डीजीपी हरियाणा प्रशांत कुमार अग्रवाल का कहना है कि पुलिस बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उनकी सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन मुस्कान की सफलता हमारे पुलिस कर्मियों के समर्पण और कड़ी मेहनत के साथ-साथ सभी हितधारकों के समर्थन और सहयोग का एक वसीयतनामा है। पुलिस लापता बच्चों का पता लगाते हुए उन्हें छुड़ाने और बाल तस्करी के संकट से निपटने के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेगी।

**तीसरे हफ्ते में परिवार से मिलवाये 212 बच्चे और 192 व्यस्क :** प्रदेश पुलिस ने मिशन ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चों और वयस्कों की तलाश कर उन्हें बरामद करते हुए उनके परिजनों को सौंपने के अभियान में लगी है। विगत 3 हफ्ते में प्रदेश पुलिस की मेहनत के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे हफ्ते में ही सभी जिलों की और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम के संयुक्त प्रयासों ने 212 बच्चे और 192 वयस्कों को उनके परिवार से मिलवाने में सफलता हासिल की है। उपरोक्त में जिला पुलिस द्वारा 177 बच्चों और एएचटीयू यूनिट्स द्वारा 35 बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया है। तीसरे हफ्ते की कुल संख्या को मिलाकर अभी तक कुल 536 बच्चों और 493 वयस्कों को उनके परिवार से मिलवाया गया है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत थानों में गुमशुदा बच्चों की पुरानी फाइलों को संज्ञान में लेते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा हर थाना क्षेत्रों को तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह के निर्देशों को अमल में लाते हुए पुलिस ने शेल्टर होम में मुआयना करना शुरू कर दिया है। इस हफ्ते तकरीबन 147 शेल्टर होम में जाकर जांच पड़ताल की है और काउंसिलिंग कर वहां रह रहे बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया है।
शेल्टर होम में रहने वाले बच्चों की बार बार काउंसलिंग करने से उनको परिवार या घर से जुड़ी बातें याद आ जाती है जिससे उनके परिवारों को ढूंढने में आसानी होती है।
प्रवक्ता ने बताया कि इस हफ्ते जिला पुलिस और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने क्रमशः 97 व 112 बाल मजदूरों को रेस्क्यू किया है। वहीं अब तक इस महीने कुल 472 बच्चों को बाल मजदूरी से मुक्त करवाया गया है। इसके अलावा, माता पिता की काउंसिलिंग भी करवाई गई है ताकि रेस्क्यू किये गए बच्चे दोबारा बाल मजदूरी में ना जाएँ।
इसके अतिरिक्त जहां अब तक प्रदेश पुलिस द्वारा कुल 300 बाल भिखारियों को पुनर्वास करवाया गया है। वहीं इस हफ्ते की बात कि जाए तो कुल 117 बाल भिखारियों को रेस्क्यू किया गया है। बाल बिखरी में लिप्त बच्चे अक्सर रेलवे स्टेशन या बस स्टैंड जैसे स्थान पर पाए जाते है, जहाँ से उनको रेस्क्यू कर शेल्टर होम्स में भेजा जाता है।
प्रवक्ता ने बताया कि तीसरे हफ्ते में नाबालिगों को उनके परिवार से मिलवाने में जिला गुरुग्राम, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र और करनाल आगे रहे। गुरुग्राम ने 27 बच्चे, 20 व्यस्क , फरीदाबाद ने 21 बच्चे, 16 वयस्क, कुरुक्षेत्र ने 26 बच्चे, 06 व्यस्क और करनाल ने 04 बच्चे, 22 वयस्कों को उनके परिवार से मिलवाया। बाल मजदूरों को रेस्क्यू करने में तीसरे हफ्ते पलवल ने 35, कुरुक्षेत्र ने 18 और फतेहाबाद ने 15 बाल मजदूरों को रेस्क्यू करने में सफलता हासिल की।

### एएचटीयू पलवल ने जॉइंट ऑपरेशन में रेस्क्यू किये थे 28 बाल मजदूर

**प्रवक्ता** ने बताया कि अक्सर पारिवारिक स्थिति के कारण नाबालिग बच्चे, मजदूरी करने लग जाते हैं। ऐसे एक केस में एएचटीयू पलवल की टीम ने एएसआई संजय भड़ाना ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी एंव लेबर इंस्पेक्टर के साथ जॉइंट ऑपरेशन में पलवल के कनीना में स्थित एक होटल से लेबर का काम कर रहे है तकरीबन 28 छोटे बच्चों को रेस्क्यू किया गया। बच्चों की उम्र 10 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक थी। बच्चों से पूछताछ करने के बाद उनके माता पिता की जानकारी प्राप्त कर उनको सकुशल सौंपा गया। इसके अतिरिक्त, ऐसे ही एक अन्य केस में एएचटीयू फतेहाबाद ने दुकानों पर काम करने वाले 3 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया।

# दोनों बिजली निगमों ने ए + ग्रेड हासिल कर किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की बेहतरीन नीतियों की बदौलत प्रदेश की दोनों बिजली वितरण कंपनियों ने राष्ट्रीय स्तर पर ए+ ग्रेड हासिल कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि में बिजली चोरी पकड़ो अभियान एवं म्हारा गाँव जगमग गाँव योजना का विशेष योगदान रहा है, क्योंकि इनसे बिजली कंपनियों के राजस्व में काफी बढ़ौतरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार अपने सभी उपभोक्ताओं को निरंतर एवं निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। चौटाला ने बताया कि केन्द्रीय विद्युत मंत्रालय ने हाल ही में बिजली वितरण कंपनियों की 11वीं एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट जारी की है जिसमें हरियाणा की दोनों बिजली वितरण कंपनियों (यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन) ने पिछली एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट में सुधार करते हुए अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। वर्तमान रिपोर्ट में भारत भर से 43 राज्य डिस्कॉम, 8 निजी डिस्कॉम और 12 बिजली विभागों को शामिल किया गया था। बिजली वितरण निगमों के चेयरमैन पी.के. दास ने बताया कि यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन दोनों को ए+ ग्रुप में रखा गया है। डीएचबीवीएन ने अपने मूल्यांकन में 85.71 से 89.30 तक सुधार किया है और इसे 9वें स्थान पर रखा गया है। वहीं यूएचबीवीएन ने अपने मूल्यांकन में 74.70 से 87.60 तक सुधार किया है और इसे 10वें स्थान पर रखा गया है। यूएचबीवीएन के प्रबन्ध निदेशक साकेत कुमार ने बताया कि यूएचबीवीएन ने पिछली रेटिंग में सुधार करते हुए 14वें स्थान से 10वां स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार डीएचबीवीएन ने पिछली रेटिंग में सुधार करते 12वें स्थान से 9वां स्थान हासिल किया है। दोनों बिजली निगमों ने पूरे देश में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ए+ ग्रेड हासिल किया है।
उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियां लगातार अपनी स्थितियों में सुधार करती जा रही हैं । सरकार की सूझबूझ एवं कुशल नेतृत्व के कारण ऐसा हो पाया है।

# मेडिकल कॉलेज के टेंडर जारी, जल्द होगा निर्माण कार्य शुरू : दुष्यंत चौटाला

## प्रदेश सरकार का फोकस है कि फसल खरीद प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो

**8 नगर परिषद संबंधी विभिन्न मांगों व समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**सिरसा में** पार्किंग की समस्या के निवारण के लिए मॉडल तैयार किया गया है, जिसमें दो पुराने सरकारी स्कूलों व एक पुलिस थाना भवन जो कि कंडम हो चुके हैं, उनको मिलाकर बाजार में पार्किंग प्रोजेक्ट की योजना तैयार की गई है। यह बात उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने मंगलवार को सिरसा शहर में अपने दौरे के दौरान सदर बाजार स्थित प्रतिष्ठानों में आयोजित जलपान समारोह में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कही। सिरसा शहर में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का दो दर्जन स्थानों पर सम्मान समारोह किया गया। शहर वासियों ने उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को पगड़ी व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने नागरिकों की जन समस्याएं भी सुनीं।
उन्होंने कहा कि नगर परिषद संबंधी विभिन्न मांगों व समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा सिरसा में मेडिकल कॉलेज निर्माण के टेंडर हो चुके हैं, जिस पर जल्द ही निर्माण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का फोकस है कि फसल खरीद प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो। अब तक प्रदेश भर की मंडियों से 57 प्रतिशत लिफ्टिंग हो चुकी है और 27 लाख मीट्रिक टन गेहूं हमारे गोदामों में पहुंच चुका है। लगभग सात हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में भेजे जा चुके हैं, जिसमें लगभग 6200 करोड़ रुपये गेहूं तथा लगभग 850 करोड़ सरसों के शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास इस सप्ताह के अंत तक शेष लिफ्टिंग के कार्य को भी पूरा करने का है तथा किसानों को शेष लगभग 4200 करोड़ रुपये भारत सरकार की हिदायतों के अनुसार उनके खाते में भेज दिया जाएगा।

# निजी स्कूल में दाखिले के नाम पर महिला से मांगी उसकी इज्जत

**टीम एकशन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां शिक्षा विभाग के एक कर्मचारी ने राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत बेटी का निजी स्कूल में एडमिशन कराने की गुहार लगा रही महिला को कुछ घंटे उसके साथ गुजारने की डिमांड की। साथ ही 30 हजार रुपए रिश्वत मांगी। महिला ने उससे मोबाइल फोन पर हुई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया। महिला ने कहा कि उसके पास इतने रुपए नहीं है तो बेशर्म कर्मचारी ने कहा कि फिर तो उसे हर महीने एक बार कुछ घंटे के लिए उसके पास आना होना। वह बेटी के दाखिले के नाम पर सीधे महिला से उसकी इज्जत का सौदा कर रहा है। पूरा मामला महिला के पति को पता चला तो उसने कुछ लोगों के साथ मिल कर कर्मचारी की जमकर धुनाई की। महिला ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने अब खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय (बीइओ ऑफिस) के कर्मचारी नवीन के खिलाफ धारा 354 ए के तहत केस दर्ज कर लिया है। महिला का कहना है कि पुलिस ने पूरा सहयोग किया है। महिला ने दर्ज कराई एफआईआर में कहा हे कि मैंने आरटीई के फार्म भर रखे थे, मैं अपनी बेटी का दाखिला आरटीई के जरिए करवाना चाहती थी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को गुरुग्राम में सीएसआर ट्रस्ट में योगदान के लिए इंडस टावर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि चेक प्रदान करते हुए।

# बागवानी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** बागवानी विभाग की ओर से किसानों को बागवानी के बारे में जागरूक करने के लिए आज गांव कालबा में बागवानी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिला उद्यान अधिकारी डा. प्रेम कुमार ने बताया कि बाग लगाने का उचित समय बारिश के समय है। इसके लिए गड्ढा खोदने का कार्य किसानों को मई व जून में कर लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि गड्ढे खोदने के बाद ऊपर की 1.5 फीट की मिट्टी में एवं उतनी ही मात्रा में गोबर की अच्छी सड़ीगली खाद अच्छी तरह मिलाकर गड्ढा पुनः भर देना चाहिए तथा बारिश आने पर पौधारोपण कर देना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने विभाग के अन्य स्कीमों जैसे कि सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, बैंबो स्टेकिंग, मल्चिंग एवं टनल इत्यादि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विभाग की विभिन्न स्कीमों का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

# योग एवं आयुर्वेद का समन्वय देता है पूर्ण स्वास्थ्य : डॉ पूनम नैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आयुष** विभाग सोनीपत की और से आज 25 अप्रैल 2023 को गांव कैलाना में स्थापित सरकारी आयुर्वेदिक औषधालय की और से गांव की आंगनवाड़ी में औषधि वितरण के साथ साथ महिलाओं को योग की भी उपयोगिता बताई गई। डॉ पूनम नैन ने रोगनुसार औषधि वितरण के साथ साथ आयुर्वेद और उचित आहार के बारे में विशेष जानकारी दी। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सतपाल और एएमओ डॉ पूनम नैन के निर्देशन में कार्यरत आयुष योग सहायक जीत राम ने महिलाओं को गर्मी और रोगानुसार सूक्ष्म व्यायाम, आसान और प्राणायाम का अभ्यास कराया। महिलाओं ने योगाभ्यास के उपरान्त अपने में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की अनुभूति को पाया तथा नियमित अभ्यास करने की ठानी। जीत राम ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य जी के प्रयासों से बार विश्व योग दिवस (21 जून 2023) को सफल बनाने के लिए कई स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य प्रधान किया जा सके।
इस अवसर पर डॉ पूनम नैन के साथ जीत राम व अमन कुमार (आयुष योग सहायक), और रीना जी (पार्ट टाइम) उपस्थित रहे।

# जिले में मिले कोरोना से संक्रमित 20 पोजिटिव केस

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना से संक्रमित 20 नए पोजिटिव केस मिले हैं और 42 मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60276 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 277 हो गई है।

# डब्ल्यूएफआई विवाद में बबीता फोगाट का बड़ा खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
भारतीय कुश्ती संघ के बृज भूषण शरण पर लग रहे आरोपों की जांच कर रही कमेटी की सदस्य बबीता फोगाट पहली बार मीडिया के सामने आई है। उन्होंने एक के बाद एक कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि जांच कमेटी के सदस्यों ने जांच ठीक से नहीं की है। सभी की सहमति के साथ रिपोर्ट नहीं बनी। जब वह जांच रिपोर्ट पढ़ रही थी तो साई निदेशक और जांच कमेटी में शामिल राधिका श्रीमन ने उनसे रिपोर्ट छीनी थी। श्रीमन ने उसके साथ बदतमीजी भी की थी। उसके कई बिन्दुओं को दरकिनार किया गया। उसने अपनी आपत्ति भी उस रिपोर्ट में दर्ज करवाई है।

**बृजभूषण को क्लीन चिट देने पर बोलीं- हम कौन है क्लीन चिट देने वाले:** रिपोर्ट में बृजभूषण शरण को क्लीन चिट दिए जाने वाले सवाल पर बबीता फोगाट ने कहा कि इस मामले पर मैं कुछ नहीं बोल सकती हूं। क्लीन चिट देने वाले हम कौन होते हैं? मैं महिला होने के नाते आज भी खिलाड़ियों के साथ खड़ी हूं। पहले भी खड़ी थी।



जिसके साथ भी गलत हुआ है, मैं उनके साथ खड़ी हूं। न्यायपालिका पर मुझे भरोसा है। मैंने असहमति के साथ जांच रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किए हैं। कमेटी ने एकतरफा जांच की है। उन्होंने सब कुछ छिपाकर किया है। कमेटी के 5 सदस्य एक तरफ थे और मैं एक तरफ थी।

**रिपोर्ट छीन कर कहा- आप उसी परिवार के सदस्य होः** खिलाड़ी अपने हक के लिए लड़ रहे हैं। उनका हक कोई नहीं छीन सकता है। धरने पर बैठे पहलवानों पर एक ही परिवार के होने के आरोपों पर बबीता फोगाट ने कहा कि कुश्ती भी एक परिवार है।

# जल संरक्षण के प्रहरी बने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर

## पानी की मांग को पूरा करने के लिए जल संरक्षण एकमात्र उपाय, हरियाणा में उपलब्ध जल के समुचित उपयोग की तरफ बढ़ाने होंगे कदम



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
वर्तमान समय में कम होते भू-जल स्तर के कारण पानी की मांग को पूरा करने और भावी पीढ़ी को विरासत में भू-जल मिले इसके लिए आज जल संरक्षण के प्रहरी बन चुके मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश में सभी स्त्रोतों से उपलब्ध जल के समुचित उपयोग की तरफ कदम बढ़ा रही है। जल संसाधनों को संरक्षित रखने और जल संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनके सार्थक परिणाम भी सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप पर्यावरण को सर्कुलर इकोनॉमी मानते हुए राज्य सरकार कई योजनाएं बना रही है। इसी कड़ी में वर्तमान समय की पानी की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ भविष्य में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा उपचारित पानी का पुनः उपयोग, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देना, फसल विविधीकरण, तालाबों का जीर्णोद्धार कर उसके पानी का सिंचाई व अन्य कार्यों हेतू उपयोग को बढ़ावा देने जैसी विभिन्न पहलें शुरू की गई हैं। वर्तमान में सतही जल, भूजल और उपचारित अपशिष्ट जल को मिलाकर हरियाणा की कुल जल उपलब्धता 21 बीसीएम है। जबकि सभी क्षेत्रों को मिलाकर जल की कुल मांग 35 बीसीएम है। इस लिहाज से पानी की उपलब्धता और मांग में 14 बीसीएम का अंतर है। पानी की कमी से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी विभागों और जनता से थ्री-आर सिद्धांत यानी रिडयूस, रिसाईकल और रियूज को अपनाने का आह्वान किया है, जो न केवल जल संरक्षण व जल संचयन में उपयुक्त सिद्ध होगा, बल्कि प्रदेश के एकीकृत विकास में भी अहम योगदान देगा।

**26-27 अप्रैल को हरियाणा सरकार कर रही जल संगोष्ठी का आयोजनः** हरियाणा में पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है, इस कमी को देखते हुए सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। जनता की पर्याप्त जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण द्वारा पंचकूला में 26-27 अप्रैल को जल संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। भारत की इस पहली जल संगोष्ठी में विभिन्न विभागों द्वारा जल संकट से निपटने और राज्य में जल स्तर को कैसे बढ़ाया जाए, इस बारे मंथन किया जाएगा। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आमजन मानस को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

**सु-जल पहल अनोखी योजना**
पानी की हर बूंद को बचाने तथा इसके उचित प्रबंधन के लिए राज्य सरकार ने एक द्विवार्षिक कार्य योजना तैयार की है, जिसका उद्देश्य पानी का उपयोग और उपचारित पानी का पुनः उपयोग सुनिश्चित करना है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री ने अपनी तरह की अनोखी योजना सु-जल की शुरूआत की।

# खिलाड़ियों को समर्थन देने जंतर-मंतर पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा कुश्ती महासंघ के खिलाफ चल रहे खिलाड़ियों के धरने को समर्थन देने के लिए जंतर-मंतर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों को स्टेडियमों में होना चाहिए वो मजबूर होकर जंतर-मंतर पर क्यों बैठे हैं ये गंभीर सवाल है। इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। खिलाड़ियों को न्याय दिलाना हम सबका फर्ज है। इस मौके पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी, विधायक मामन खान और वरिष्ठ नेता प्रो. वीरेंद्र सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे।



उन्होंने धरने पर मौजूद खिलाड़ियों और कोच से बात की व पूरे मुद्दे की जानकारी ली। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि इन खिलाड़ियों ने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया और तिरंगे का मान बढ़ाया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन खिलाड़ियों को पलकों पर बिठाया जाना चाहिए, आज उन्हें न्याय के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है। हुड्डा ने कहा कि खिलाड़ियों द्वारा कुश्ती संघ के पदाधिकारियों पर लगाए गए आरोप बेहद गंभीर हैं। इसलिए आरोपों की तुरंत और









# एक क्लिक में उपलब्ध होंगी सारी जानकारियां

## सभी वेबसाइट दिल्ली सरकार के वेब पोर्टल से इंटीग्रेटेड हैं: सीएम

**180 वेबसाइट लॉन्च**

**= नई वेबसाइट में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हुआ, ये वेबसाइट्स प्रति सेकेंड लाखों की ट्रैफिक आने पर भी क्रैश नहीं होंगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली सरकार के बेवपोर्टल के साथ विभिन्न विभागों की 180 वेबसाइट को लांच किया। इस दौरान आईटी मंत्री कैलाश गहलोत और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सबसे पहले आईटी विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को नई वेबसाइट की खासियत बताई और पुरानी एवं नई वेबसाइट में अंतर बताया। अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा वेबसाइट पुरानी टेक्नोलॉजी पर आधारित थी। उसका सर्वर पुरानी तकनीक पर आधारित था। जब भी सरकार किसी स्कीम की घोषणा करती थी तो वेबसाइट पर आचानक ट्रैफिक बढ़ जाता था और वेबसाइट के साथ कई बार सर्वर भी क्रैश हो जाता था। पुरानी तकनीक पर आधारित होने के कारण सर्वर को ठीक करने के लिए कोई वेंडर नहीं मिल पाता था। साथ ही पुरानी वेबसाइट मोबाइल एवं टैब फ्रेंडली नहीं थी। इन वजहों से लोगों को सरकारी सेवाएं और जानकारियां हासिल करने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नई वेबसाइट में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। ये वेबसाइट्स प्रति सेकेंड लाखों की ट्रैफिक आने पर भी क्रैश नहीं होंगी। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आईटी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि आज दिल्ली सरकार के 50 विभागों की 180 वेबसाइट लांच की गई हैं। सभी वेबसाइट दिल्ली सरकार के वेब पोर्टल से इंटीग्रेटेड हैं। इससे पहले 2008 में दिल्ली सरकार की वेबसाइट बनाई गई थी, जो पुरानी तकनीक पर आधारित थी और सर्वर भी पुराने तकनीक पर थे। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए अब हम क्लाउड पर चले गए हैं और सर्वर की जरूरत को खत्म कर दिया गया है।

### नई वेबसाइट लांचिंग का उद्देश्य

**दिल्ली** सरकार की मौजूदा वेबसाइट्स को 2008 में सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आईबीएम द्वारा एक सामग्री प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) का उपयोग करके लांच किया गया था। इसमें इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक पुरानी थी और सर्वर मौजूदा समय में प्रचलन में नहीं है। पुरानी तकनीक के कारण मौजूदा सीएमएस को बनाए रखना चुनौती है। इस वजह से बार-बार आउटेज और ब्रेकडाउन का सामना करना पड़ता है।

### नई वेबसाइट्स के बारे में

दिल्ली सरकार की नई वेबसाइटों को डिजाइन, विकसित, होस्ट और संचालित करने के लिए एक एजेंसी को नियुक्त किया है। नई वेबसाइट्स जीआईजीडब्ल्यू (सरकारी वेबसाइटों के लिए दिशानिर्देश) या डब्ल्यूसीएजी (वेब सामग्री अभिगम्यता दिशानिर्देश) के अनुरूप है। वेबसाइट लांच से पहले सभी विभागों को मौजूदा वेबसाइटों की सामग्री से मिलान करने और उपयोगकर्ता स्वीकृति परीक्षण प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा गया था।

# कुख्यात बदमाश को किया गिरफ्तार, चार मामलों में था फरार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**द्वारका जिले की** स्पेशल स्टाफ टीम ने 100 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे चुके वांछित बदमाश को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस साल 2020 से उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित सोने की चेन लूटता था और उस पैसे से अपनी लग्जरी लाइफ का आनंद लेता था। आरोपित की पहचान सुनील उर्फ विजय के रूप में हुई है, जो डाबरी के पास महावीर एनक्लेव का रहने वाला है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मंगलवार को बताया कि सुनील उर्फ विजय वांछित बदमाश को पकड़ने के लिए स्पेशल स्टाफ की टीम को लगाया गया था। पुलिस ने इसके बारे में टेक्निकल सर्विलांस से जानकारी इकट्ठा की। जांच में पता चला कि बदमाश सोने की चेन लूटने के 100 मामलों को अंजाम दे चुका है और बेल पर बाहर निकलने के बाद फरार है। आरोपित को चार मामलों में कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर रखा है। उसपर दिल्ली के विभिन्न थाने में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम इसके बारे में पता लगाती हुई बिंदापुर इलाके में पहुंची, जहां जानकारी मिली की वह किसी से चोरी छुपे डीडीए फ्लैट के पास मिलने आने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने आरोपित को दबोच लिया।

# आबकारी घोटाला: सीबीआई की पूरक चार्जशीट में मनीष सिसोदिया का भी नाम

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
सीबीआई ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मंगलवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पूरक चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी आरोपित बनाया है। कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 12 मई को सुनवाई करेगा। पूरक चार्जशीट में मनीष सिसोदिया के अलावा जिन लोगों को आरोपित बनाया गया है, उनमें बुची बाबू, अर्जुन पांडेय और अमनदीप ढल शामिल हैं। बुची बाबू तेलंगाना के मुख्यमंत्री कैसी राव की बेटी के.



कविता के सीए रह चुके हैं। गौरतलब है कि सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। 25 नवंबर 2022 को सीबीआई ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 15 दिसंबर, 2022 को पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7, 7ए और 8 के तहत आरोप तय किए थे।

# टी-जंक्शन पर नया फ्लाईओवर बना रही केजरीवाल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केजरीवाल सरकार सराय काले खां** टी-जंक्शन को जाममुक्त बनाने के लिए यहाँ एक फ्लाईओवर का निर्माण करवा रही है। आईटीओ से आश्रम जाने वाले वाहनों के लिए बनाया जा रहे 643 मीटर लम्बे 3 लेन के इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अपने तय समय से 1 महीने आगे चल रहा है और इसे जुलाई में जनता को समर्पित कर दिया जायेगो मंगलवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों के साथ फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का जायजा लियो इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में और तेजी लाई जाये ताकि फ्लाईओवर को जल्द से जल्द पूरा कर इसे ट्रैफिक के लिए खोला जा सके। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि नए फ्लाईओवर के बनने से रिंग रोड पर स्थित सराय काले खां टी-जंक्शन सिग्नल फ्री कॉरिडोर बनेगा, इससे यात्रियों के समय की बचत होगी और ईंधन की खपत भी कम होगी फ्लाईओवर के बनने से रिंग रोड पर यातायात सुगम होगा और प्रतिदिन 5 टन उड2 का उत्सर्जन कम होगो साथ ही इससे सालाना लोगों के 19 करोड़ रुपए को बचत होगी और प्रोजेक्ट की कुल लागत मात्र 2.5 सालों में निकल जाएगी उन्होंने कहा कि 643 मीटर लम्बा 3 लेन के इस फ्लाईओवर को बनने में 1 साल का समय लगता लेकिन प्रतिबद्धता के साथ काम करते हुए पीडब्ल्यूडी इसे तय समय से एक महीने पहले ही पूरा कर रही है।



**निरीक्षण किया**

**= 643 मीटर लम्बे 3 लेन के इस फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अपने तय समय से 1 महीने आगे चल रहा है**

फ्लाईओवर बनने के बाद रोजाना आईटीओ से आश्रम जाने वाले वाले लाखों वाहनों को जाम से निजात मिलेगा। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि सराय काले खां ट्रैफिक के हिसाब से दिल्ली के व्यस्ततम इलाकों में से एक है और आने वाले समय में यहां ट्रैफिक का लोड और ज्यादा बढ़ेगा क्योंकि यहां पहले से ही रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व अन्तर्राज्यीय बस अड्डा मौजूद है तथा यहां रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम बन रहा है जिससे सराय काले खां एक अनूठे ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित होगा इसलिए यहां ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए आज यहां हम फ्लाईओवर का निर्माण कर रहे है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि वर्तमान में यहां आश्रम से आईटीओ की ओर जाने वाले यातायात के लिए मौजूदा फ्लाईओवर है लेकिन इसके वपरीत दिशा से आईटीओ से आश्रम की ओर जाने वाले यातायात को यहां टी-जंक्शन पर रेड-लाइट पर रुकना होता है जिससे यहां जाम की समस्या उत्पन्न होती है 643 मीटर लम्बे 3 लेन के इस फ्लाईओवर के निर्माण के बाद यात्रियों को इस जाम से निजात मिलेगो साथ ही निर्माण किया जाएगो साथ ही यहां मौजूदा सड़क के चौड़ीकरण, उसके सुदृढ़ीकरण, पैदल यात्रियों के लिए फूटपाथ को बेहतर बनाने के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

# 'एमसीडी पर कब्जा करना चाहती है केजरीवाल सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सड़कों** की सफाई का काम नगर निगम से लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को देने के प्रस्ताव का भाजपा ने विरोध किया है। उसका कहना है कि आम आदमी पार्टी नगर निगम की स्वायत्तता समाप्त करना चाहती है। भाजपा की महापौर पद की उम्मीदवार शिखा राय ने कहा कि सड़क की सफाई व स्कूलों के कामकाज में हस्तक्षेप कर दिल्ली सरकार पिछले दरवाजे से निगम पर कब्जा करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि बुधवार को निगम के सदन की बैठक में महापौर का चुनाव के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। दिल्ली सरकार ने 60 फीट से ज्यादा चौड़ी सड़कों की सफाई का काम पीडब्ल्यूडी को सौंपने का प्रस्ताव भेजा है। शीला दीक्षित सरकार के समय में भी इस तरह का प्रस्ताव



आया था जिसे निगम ने खारिज कर दिया था।

**निगम के अधिकारियों ने सरकार के प्रस्ताव पर जताई असहमति:** सड़कों की साफ सफाई, अतिक्रमण, पार्किंग, तहबाजारी, विज्ञापन का काम निगम का अधिकार है और इसे सरकार को नहीं दिया जा सकता है। जब इससे पहले इस तरह के प्रस्ताव को खारिज किया जा चुका है तो इस बार इसे चर्चा के लिए निगम में लाना अनुचित है। निगम के अधिकारियों ने सरकार के प्रस्ताव पर असहमति जताते हुए जवाब भी दिया है।

**भाजपा पार्षद सदन में करेंगे इसका विरोध:** उन्होंने कहा कि सरकार का प्रस्ताव पारित होने पर सफाई कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ने के साथ करोड़ों रुपये के सफाई उपकरण बेकार हो जाएंगे। कूड़ा उठाने का काम करने वाले निजी ठेकेदार अदालत जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि महापौर निगम को सही तरह से चलाने में विफल हैं तो उन्हें हटाने की जरूरत है न कि निगम की स्वायत्तता समाप्त करने की। भाजपा पार्षद सदन में इसका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी अपनी सड़कों के रखरखाव में विफल रही है। पार्षद योगेश वर्मा ने कहा कि सफाई व्यवस्था के निजीकरण करने की साजिश। पार्षद संदीप कपूर अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने की जगह उन्हें नौकरी से हटाया जा रहा है। भाजपा के दबाव के कारण कई अस्थायी कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखा गया है।

**निर्देश**

**= सफाई कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ने के साथ करोड़ों रुपये के सफाई उपकरण बेकार हो जाएंगे**

# बीमा के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले 6 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** एक व्यक्ति के साथ बीमा के नाम पर 2.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। इस बारे में जानकारी देते हुए दिल्ली पुलिस IFSO, डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि हमें शिकायत मिली कि कुछ लोग बीमा के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं, हमने FIR दर्ज.की है। वादी के साथ करीब 2.5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी हुई है। ये मामला बिहार के बेगूसराय से जुड़ा हुआ है।

**6 आरोपितों को किया गिरफ्तार:** उन्होंने आगे बताया कि हमने इस मामले में बिहार के बेगूसराय से 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हमें जो अकाउंट मिले हैं।

# सीएम केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड के साथ की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की है। बैठक में केजरीवाल ने अधिकारियों को दिल्ली की जनता को साफ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जल बोर्ड के साथ इस बैठक के बारे में जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय के ट्विटर हैंडल ने बैठक की तस्वीरें साझा कर दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बताया कि आज दिल्ली जल बोर्ड के एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को जनता को साफ पानी उपलब्ध कराने का आदेश दिया और कहा कि पानी की उपलब्धता में कराने में किसी भी तरह की ढिलाई और देरी



बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**गंदे पानी की शिकायत पर होगी कार्रवाई:** सीएम कार्यालय ने अन्य ट्वीट में बताया कि गंदे पानी शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए एवं वहां उस समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। खराब हुए फ्लो-मीटर्स को तत्काल प्रभाव से ठीक किया जाए ताकि पानी की उपलब्धता और सप्लाई की जानकारी सरकार के पास हो।

**450 से ज्यादा जगहों पर लगे हैं आरओ सिस्टम:** दिल्ली में कुल 450 से ज्यादा जगहों को आरओ सिस्टम लगाने के लिए चिन्हित किया गया था, इस काम में ढिलाई देखी जा रही है जिस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपनी नाराजगी व्यक्त की और सख्त निर्देश दिए कि इस काम को पूरी गंभीरता से और जल्द से जल्द किया जाए।

# नाले में मिला युवती का शव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** न्यू अशोक नगर में स्थित धर्मशिला अस्पताल के पास से एक युवती ने कथित तौर पर कूदकर आत्महत्या कर अपनी जान दे दी है। पुलिस ने बताया कि न्यू अशोक नगर थाना में एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद का नाम पवन झा बताया और उसने कहा कि उसकी 19 वर्षीय बेटी स्वाति से शाम से लापता है। उसकी चप्पल धर्मशिला अस्पताल के पास नाले में मिली है। मौके पर पहुंचकर जांच की तो नाले से युवती का शव मिला। युवती की पहचान न्यू अशोक नगर में रहने वाली स्वाति के रूप में हुई है।

**शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान:** पुलिस ने बताया कि पीड़िता की पहचान उसके पिता और पति ने की है और उसके शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिले हैं। शुरूआती जांच के आधार पर पता चला है कि 19 वर्षीय लड़की की शादी 31 मई, 2020 को एक निजी फर्म के कर्मचारी सुरजीत से हुई थी। उसके पिता नोएडा की एक कंपनी में ड्राइवर का काम करते हैं।

**तनाव में थी युवती:** पुलिस के अनुसार, स्वाति साल 2017 से मानसिक तनाव में थी और आईएचबीएएस अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उन्होंने आगे कहा कि वह अवसाद का इलाज करा रही थी। शुरूआती जांच में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है पर अभी मामले की जांच की जा रही है।

# धन शोधन मामले में जल्द सुनवाई के लिए नायर को भेजा हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में आरोपी कारोबारी व आम आदमी पार्टी के संचार प्रभारी विजय नायर को जमानत याचिका जल्द सूचीबद्ध कराने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाने की छूट दी। हाईकोर्ट ने 12 अप्रैल को नायर की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था और मामले की आगे की सुनवाई के लिए 19 मई तय कर दी थी। नायर ने तत्काल सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने नायर की अर्जी अस्वीकार करते हुए कहा, इस मुकाम पर हम इसे नहीं



सुनेंगे। शीर्ष अदालत ने भी याचिका को 19 मई तक स्थगित कर दिया। नायर के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, याचिका जमानत के लिए होने के बावजूद हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मामले को पांच हफ्ते बाद सूचीबद्ध किया है। इसी घोटाले में सीबीआई की भ्रष्टाचार जांच में नायर को पिछले साल 14 नवंबर को ही जमानत मिल गई है। 16 फरवरी को निचली अदालत ने घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नायर की जमानत याचिका खरिज कर दी। सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया जिसके अनुसार जमानत अर्जी का निपटारा दो हफ्ते में किया जाना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, आप मामले में जल्द सुनवाई के लिए हाईकोर्ट के एकल जज के समक्ष आवेदन कर सकते हैं।

**ईडी के पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने का फैसला सुरक्षित:** दिल्ली की विशेष अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राघव मगूंटा, राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को आरोपी बनाने वाले प्रवर्तन निदेशालय के पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने या नहीं लेने के मामले में सोमवार को फैसला सुरक्षित रख लिया।

विशेष जज एमके नागपाल 1 मई को अपना फैसला सुनाएंगे। जज के समक्ष ईडी की ओर विशेष लोक अभियोजक एनके मट्टा ने कहा, आरोपी को नामजद करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं। नामजद आरोपियों के साथ अन्य व्यक्तियों व कंपनियों के खिलाफ ईडी की जांच जारी है।

**निर्देश**

**= हाईकोर्ट ने 12 अप्रैल को नायर की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था**

# दिल्ली में मलेरिया से मौत के आंकड़ों में बड़ा खेल

## 6 साल में सिर्फ 2 मरीजों की हुई मौत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आर्थिक** रूप से कमजोर श्रीलंका भले ही मलेरिया मुक्त हो चुका हो, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में मलेरिया उन्मूलन अब भी बड़ी चुनौती है। नेशनल वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (एनवीबीडीसीपी) के तहत यह दावा जरूर किया जाता है कि दिल्ली में मलेरिया से मौतें नहीं होतीं, लेकिन हकीकत इससे परे है। चिकित्सकीय रूप से सत्यापित मौत पंजीकरण के आंकड़े यह बताते हैं कि राष्ट्रीय राजधानी में अब भी हर वर्ष औसतन 87 लोग मलेरिया के कारण असमय मौत के शिकार होते हैं। जिसमें 45 वर्ष से कम उम्र के युवा भी शामिल हैं। ऐसे में मलेरिया की रोकथाम के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रम पर सवाल उठना लाजमी है। दिल्ली में अक्टूबर 2021 में डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों को अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में शामिल किया गया। इसके तहत मच्छर जनित बीमारियों से पीड़ित हर मरीज की सूचना सरकारी नोडल एजेंसी को देना अनिवार्य है। ताकि आसपास के इलाके में मच्छरों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा सके।

**5 साल में मलेरिया से सिर्फ एक मरीज की मौत:** हैरानी की बात यह है कि मच्छर जनित बीमारियों को अधिसूचित बीमारी की श्रेणी में शामिल करने के बाद मलेरिया के मामले दर्ज होना पहले की तुलना में भी कम हो गया है। नेशनल वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम व दिल्ली नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच पांच वर्षों में मलेरिया से सिर्फ एक मरीज की मौत हुई। इसके अलावा पिछले वर्ष भी एक मरीज की मौत हुई थी। इस लिहाज से छह वर्षों में मलेरिया से दिल्ली में सिर्फ दो मरीजों की मौत हुई।

**मलेरिया की रोकथाम**

**= राष्ट्रीय राजधानी में अब भी हर वर्ष औसतन 87 लोग मलेरिया के कारण असमय मौत के शिकार होते हैं**

# कनाडा में दाखिला दिलाने के नाम पर छात्रा से 21 लाख रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गीता कॉलोनी** थाना क्षेत्र में एक छात्रा से कनाडा में पढ़ाई के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता गीता कॉलोनी निवासी धरना प्रुथी का आरोप है कि उसके दोस्त ने अपने भाई व बहन सहित पांच लोगों ने मिलकर कॉलेज में दाखिला दिलाने, वीजा व टिकट के नाम पर उससे करीब 21 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है। पीड़िता ने बताया कि वह ग्रेजुएशन के बाद कनाडा से पोस्ट ग्रेजुएशन की पढ़ाई करना चाहती थी। उसने अपने स्वजन व दोस्तों को इसके बारे में बताया। स्वजन कनाडा भेजने को तैयार हो गए। उसने बताया कि दोस्त गौरव ने उससे कहा था कि उसकी बहन कनाडा के कॉलेज में प्रवेश दिलवा देगी। दिसंबर 2021 में उसने गौरव के जरिये उसकी बहन वोनिशा अरोड़ा से



बातचीत की तो उसने मार्कशीट सहित अन्य दस्तावेज वॉट्सएप पर मांगे और करीब 18 लाख रुपये का खर्चा बताया। उसके मांगने पर उसने अग्रिम भुगतान के रूप में एक लाख रुपये भी भेज दिए। फिर वोनिशा ने उसे कनाडा के आइबीटी कॉलेज में दाखिले के बारे में बताया और जल्द वीजा व टिकट भेजने के लिए कहा। इस दौरान जुलाई 2022 तक दाखिले का समय बीत गया। इसे लेकर वह लगातार वोनिशा को फोन करती रही। एक अगस्त 2022 को वोनिशा ने उसे मलेशिया का वीजा व टिकट दिया और कहा कि भारत से सीधे कनाडा का वीजा नहीं मिल रहा है। मलेशिया से वीजा आसानी से मिल जाएगा। वह एक अगस्त को अपनी सहेली रश्मीत कौर के साथ मलेशिया चली गई। वहां वोनिशा का भाई दीक्षांत मिला और एक सप्ताह में कनाडा भेजने का दावा किया। वह कनाडा का वीजा मिलने का इंतजार करने लगी। इस दौरान आरोपित पीड़िता से रुपये की मांग करते रहे। 12 जनवरी 2023 तक वह मलेशिया में रही। इस दौरान पीड़िता व उसके परिजनों ने वोनिशा पर दबाव डाला। इसके बाद उसने मलेशिया में दातू नाम के व्यक्ति से संपर्क करने के लिए कहा। संपर्क करने पर वह अलग से रुपये की मांग करने लगा। आखिरकार 12 जनवरी 2023 को दातू उन्हें कार के रास्ते थाईलैंड लेकर गया। वहां तीन दिन रहने के बाद उसने फोन कर कनाडा भेजने से मना कर दिया और अपना नंबर बंद कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उसके परिवार ने उसकी पढ़ाई के लिए 21 लाख रुपये लोन लिए थे, जिसकी 28 हजार रुपये मासिक किश्त जाती है। इसे लेकर भी वह परेशान हैं। पीड़िता का आरोप है इस वारदात में गौरव, उसका भाई दीक्षांत, बहन वोनिशा, दातू और बिट्ठू नाम के व्यक्ति शामिल हैं।

**जांच जारी**

**= दोस्त ने अपने भाई व बहन सहित पांच लोगों ने मिलकर कॉलेज में दाखिला दिलाने, वीजा व टिकट के नाम पर उससे करीब 21 लाख रुपये ठग लिए**

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत बार एसोसिएशन ने किया उपायुक्त वीरेंद्र दहिया का स्वागत

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
पानीपत बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपायुक्त वीरेंद्र दहिया का मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में बार एसोसिएशन की तरफ से बुके देकर स्वागत किया गया। उपायुक्त का स्वागत करने वालो में बार एसोसिएशन के प्रधान अमित कादियान, सचिव रविंद्र शर्मा, उपप्रधान प्रदीप अहलावत, संयुक्त सचिव संजय गाहल्याण व कैशियर अमित भारद्वाज शामिल है। वहीं उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि पानीपत जिला के विकास को लेकर व लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर मिलकर काम करेंगे। वकीलों को जहां पर भी प्रशासन की जरूरत पड़े तो पूरा प्रशासन उनको तैयार मिलेगा। इस मौके पर सीटीएम राजेश सोनी भी मौजूद रहे।

### अधिकारियों का तबादला होने पर ददलाना में किया गया विदाई समारोह का आयोजन

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईएसएफ और मार्केटिंग डिवीजन के अधिकारियों का तबादला होने पर गांव ददलाना में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया । गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वरिष्ठ कमांडेंट वीरेंद्र मोहन जोशी और अतुल नैथानी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम दोनों ही उत्तराखंड के देहरादून शहर से हैं । हमें यहां कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम अपने घर से दूर हैं । ददलाना गांव हमेशा ही हमारा अपने गांव की तरह रहा है । हमें जितना प्यार यहां मिला शायद अपने गृह राज्य और शहर में भी ना मिले । हम आपके सहयोग को हमेशा याद रखेंगे और हम जहां भी रहेंगे हमेशा आपके सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट वीरेंद्र मोहन जोशी और मार्केटिंग डिविजन के मानव संसाधन के उप महाप्रबंधक अतुल नैथानी का तबादला होने पर पूर्व सरपंच नैनपाल राणा ने कहा कि दोनों अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र के लोगों की हर संभव मदद की है। आसपास के क्षेत्र के लोगों को इन अधिकारियों के रहते कोई समस्या नही आई और आने वाले समय में हमें इनकी कमी खलेगी। इस अवसर पर मास्टर गोपी चंद शर्मा, कश्मीरी लाल , बृजमोहन शर्मा , सेवाराम , जय भगवान अत्रि , अशोक कुमार , राजेंद्र कुमार व डॉ चंद्रमोहन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

### नगर परिषद की फाइनेंस एवं कॉन्ट्रैक्ट कमेटी के चुनाव संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**नगर** परिषद नारनौल की फाइनेंस एवं कॉन्ट्रैक्ट कमेटी की चुनाव प्रक्रिया आज संपन्न हुई। मनोज सैनी उर्फ बिल्लू और कपिल यादव मतदान से दोनों कमेटीयों में सदस्य चुने गए । मनोज को 17 पार्षदों के वोट मिले और कपिल यादव को 15 वोट मिले, जबकि नितिन चौधरी को 14 और प्रेमलता यादव को 11 वोट मिले। वहीं इन वक्त पर अचानक उम्मीदवार बने अजय सिंघल को भी 3 वोट मिले। नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने अपना वोट नहीं डाला।

### दोस्त की गला रेतकर हत्या करने के दोषी को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र में किराए के कमरे में शराब पीने के बाद हुए झगड़े में दोस्त की तेजधार हथियार से गला रेतकर हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. संजीव आर्य की अदालत ने दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर दस हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव कुंडली निवासी विनोद कुमार ने 30-7-21 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने घर में पहली मंजिल पर परिवार के साथ रहता है। उसने अपने घर के ग्राउंड फ्लोर के कमरे किराए पर दे रखे है। उसके मकान में यूपी के महोबा का रहने वाला राहुल व उसका साथी उत्तराखंड का राजकुमार पुत्र मनवीर (35) एक ही कमरे में किराए पर रहते थे। देर रात दोनों आपस में झगड़ा कर रहे थे। जब वह उनके कमरे में गया तो दोनों ने शराब पी रखी थी और नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। उसने कमरे में जाकर दोनों को समझाकर शांत कर दिया था। उसके बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गया। बाद में जब वह उठकर उनके कमरे में गया तो राजकुमार खून से लथपथ पड़ा था। राहुल वहां से फरार था। उसकी गर्दन पर तेजधार हथियार के निशान थे। उसने मामले से कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। तत्कालीन थाना प्रभारी रवि कुमार व एसआई नरेंद्र की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने राजकुमार के शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक राजकुमार के परिजनों के बारे में छानबीन करने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मामले में मकान मालिक विनोद के बयान पर राहुल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# मेयर और पार्षद ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

## नगर निगम द्वारा 85 लाख की लागत से करवाएंगे जायेंगे विकास कार्य



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत/**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान मंगलवार को वार्ड 16 में पहुंचें और निगम द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट मोनिका नागर एवं क्षेत्र के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि आज दहिया कॉलोनी की गली नं 1,2,3 एवं इन सभी गलियों के साथ लगती ब्रांच गलियों को सी सी से पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। 85 लाख ? की लागत से इन सभी गलियों को सिमेंटेड कंक्रीट से पक्का किया जाएगा। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक पिरथी सिंह ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों ने फूल मालाओं से मेयर निखिल मदान और पार्षद मोनिका नागर का स्वागत किया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद बड़े बुजुर्गों एवं मातृशक्ति का आशीर्वाद लिया औ? उनका कुशल क्षेम जाना।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय पार्षद मोनिका नागर के माध्यम से क्षेत्रवासियों की पेयजल आपूर्ति और गलियों के जर्जर होने की समस्या उनके संज्ञान में आई थी।
उपरोक्त समस्या का समाधान करते हुए सेक्टर 23 के नवनिर्मित बूस्टर से वार्ड 16 के लोगों को पेयजल आपूर्ति शुरू की गई है। जिसके बाद सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल पहुंच रहा है। वहीं गलियों के पक्के करने का कार्य आज शुरू कर दिया गया है। इस मौके पर पार्षद एडवोकेट मोनिका नागर, अनिल नागर,निगम कनिष्ठ अभियंता विकास कुमार,सूरजभान दहिया,कर्नल विजय कुमार अत्री,चमेली,राजकुमार,अमर सिंह,रामेश्वर,राम मेहर सिंह,मांगेराम,ओमप्रकाश, राजकुंवार,चिंतामणि,हरिकृष्ण, राम किशन,सरोज,चंद्र सिंह,राजेश मलिक,धर्मवीर दहिया,पुनीत राणा,संदीप लांबा, उमेद सिंह,राम करण,राज सिंह, दहिया,बलवान सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।

# नपा की जमीन पर अवैध कब्जा नही हटा पाई नपा आज

**टीम एक्शन इंडिा/गन्नौर ।**
**पूर्व पार्षद** द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करने के आरोप के मामले में नगर पालिका गन्नौर अपनी जमीन को मंगलवार को कब्जा मुक्त नही करा पाई,अगली तारीख वीरवार मुकर्रर की है। नगरपालिका द्वारा कब्जा हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त होने के साथ ही पुलिस बल के लिए चिट्ठी लिखी गई थी लेकिन सोनीपत में मंत्री की मीटिंग के चलते नपा अधिकारी कुछ लेट हो गए। नपा के एमई राहुल मोर ने बताया कि लेट होने के करण आज फोर्स नही मिल पाई । इसलिए वीरवार को कब्जा करवाई का समय तय किया गया है। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि नगरपालिका की करीब 1380 गज जमीन पर पिछले कई सालों से एक पूर्व पार्षद ने अवैध कब्जा कर रखा है। जमीन के एक हिस्से में एक कंपनी का टावर खड़ा है, बाकी में फसल बिजाई की जा रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद टावर कंपनी को नोटिस जारी किया गया, जिसके बाद कंपनी ने नपा के अकाउंट में 4 लाख 68 हजार रुपए के आसपास जमा करवा दिए है। अब जमीन को कब्जा मुक्त कराने को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त हो चुके है। नपा सचिव ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

# तालाब और नदियों को स्वच्छ बनाए रखने की नई पहल




**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** राष्ट्रीय जन सेवा मंडल और शिव दिवानी महिला मंडल मंडी अटेली द्वारा संयुक्त रूप से 'निर्माल्य सामग्री रथ' को मंडी अटेली में मंगलवार से शुभारंभ किया।
इस रथ को जन सेवा मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन बाछौदिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया गया।
इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह निर्माल्य रथ शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर के विभिन्न घरों में हवन सामग्री व पूजा सामग्री जो बाहर किसी नदी, नहर, तालाब में पर प्रवाहित करनी होती है उसे उसे इकट्ठा करके इस रथ के जरिए इकट्ठा करके हम किसी सुरक्षित स्थान पर जमीन में दबाएंगे ताकि इससे हमारी नदियां, नहरें व तालाब प्रदूषित न हो और स्वच्छ रहें।

## टायर पेंचर दुकानदार से हथियार के बल पर मोबाइल फोन लूटा

**सोनीपतः राई** थाना क्षेत्र में पेंचर लगाने वाले दुकानदार से हथियार के बल पर मोबाइल फोन लूटने का मामला सामने आया है।
मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों ने वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे युवको को दुकानदार ने मोटरसाइकिल से गिरा दिया। एक युवक मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। जबकि दो युवकों को दोस्त की मदद से पकड़ लिया। कुछ देर बाद उन्हें धक्का देकर मौके से फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिहार हाल में बहालगढ़ निवासी राजेश ने बताया कि उसने एमएम फिलिंग स्टेशन के पास जीटी रोड पर टायर पैंचर की दुकान कर रखी है।

# पानीपत शुगर मिल में इस सीजन में हुई 65 .51 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**पानीपत** जिला के गांव डाहर में बने नये शुगर मिल में इस सीजन में कुल 65.51 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई हुई है और पानीपत जिला के किसानों के सारे गन्ने की पिराई होने के बाद मिल को अब अगले सीजन तक के लिये बंद कर दिया गया है। शुगर मिल ने इस बार 61.51 लाख क्विंटल तो पानीपत जिला के किसानों और करीब 4 लाख क्विंटल करनाल, सोनीपत, गोहाना व रोहतक के शुगर मिलों के गन्ने की पिराई की है। वहीं एमडी नवदीप सिंह नैन ने मंगलवार को पुराने मिल स्थित अपने कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि शुगर मिल में इस बार 625720 क्विंटल रिफाइंड शुगर का उत्पादन हुआ है। रिफाइंड शुगर दूसरी चीनी के मुकाबले करीब 100 रूपए महंगी बिकती है। उन्होंने बताया कि मिल में इस बार चीनी की रिकवरी भी औसतन 9.55 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वर्ष चीनी की रिकवरी 8.65 प्रतिशत रही थी और अगले सीजन के लिये अभी से चीनी की रिकवरी का लक्ष्य 10.65 रख दिया गया है। एमडी नैन ने बताया कि पानीपत शुगर मिल में 28 मेगावाट उत्पादन क्षमता की बिजली की टरबाईन लगी हुई है और टरबाईन द्वारा बनाई गई बिजली से ही जहां शुगर मिल को चलाया गया, वहीं बाकि बिजली एचवीपीएन के नौल्था पॉवर हाउस को बेचा गया है। शुगर मिल ने इस सीजन में बिजली निगम को 3 करोड़, 14 लाख व 27200 हजार यूनिट बिजली बेची गई है जोकि करीब 21 करोड रूपए की बनती है।

# '31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वाले नागरिकों को टैक्स में मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि यूएलबी इकाइयों में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने वाले नागरिकों को 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को इसके लिए जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस छूट का फायदा उठा सकें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से शहरी निकायों में टैक्स कलेक्शन भी ज्यादा होगी।
शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ॰ कमल गुप्ता ने मंगलवार को सोनीपत के डीआरडीएम हॉल में नगर दर्शन पोर्टल, स्वामित्व योजना, स्वच्छता, प्रॉपर्टी आईडी सहित अन्य योजनाओं को लेकर ली स्थानीय शहरी निकाय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनसेवा की भावना से लोगों के विकास के लिए कार्य करें और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें, क्योंकि लोगों के विकास के लिए कार्य करना हर अधिकारी की पहली ड्यूटी है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा फायदा लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।
मंत्री डॉ॰ कमल गुप्ता ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आरटीएस की निर्धारित अवधि से ज्यादा समय तक कोई आवेदन लम्बित न रहें। उन्होंने कहा कि आरटीएस के लिए अधिकारी के पास 15 दिन का समय रहता है अगर वह अधिकारी 15 दिन के अंदर इस आवेदन का समाधान नहीं करता है तो 16वें दिन पोर्टल में यह आवेदन पेंडिंग लिस्ट में दिखाई देता है। इसलिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन आवेदनों का समाधान 15 दिन के अंदर ही करें नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।
डॉ॰ कमल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रॉपर्टी आईडी इंटीग्रेशन के लम्बित कार्य को 30 अप्रैल तक हर हाल में पूरा करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का एकमात्र ऐसा राज्य जिसने अपनी सभी अर्बन लोकल बॉडीज की एक-एक इंच जमीन का अक्षांश और देशांतर नापकर प्रॉपर्टी को इंटीग्रेटेड किया है। अब प्रॉपर्टी टैक्स ड्यूज पेमेंट एंड नो ड्यूज सर्टिफिकेट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से लोगों से ऑब्जेक्शन मांगे गए हैं।

## भारत के शहरी केंद्रों में हो रहा एक्टिव एवं शेयर्ड मोबिलिटी की ओर पलायन: ओएमआई



**नई दिल्ली।** ओएमआई फाउंडेशन की ईज ऑफ मूविंग इंडैक्स - इंडिया रिपोर्ट 2022 का विमोचन कुणाल कुमार, आईएएस, ज्वाईंट सेक्रेटरी एवं मिशन डायरेक्टर, स्मार्ट सिटीज मिशन और शोंबी शार्प, भारत में यूएन रेजि़डेंट कोऑर्डिनेटर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एक विस्तृत मोबिलिटी इंडैक्स का विकास करने के लिए उन्होंने ओएमआई फाउंडेशन टीम की सराहना की। इस इंडैक्स में कम्युटर की चेतनता को समाहित कर एक्टिव और शेयर्ड मोबिलिटी विकल्पों पर रोशनी डाली जाती है। ईज ऑफ मूविंग इंडैक्स (ईओएमआई)- इंडिया रिपोर्ट 2022 भारत के सबसे बड़े सर्वे पर आधारित है, जिसमें 50,488 उत्तरदाताओं, 220 एफजीडी फोकस ग्रुप सामूहिक वार्ता प्रतिभागियों और सरकार एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त डेटा का उपयोग किया गया है। यह विस्तृत सर्वे इन शहरों में विभिन्न स्थानों पर ऑन-ग्राउंड किया गया, इसमें 100 से ज्यादा सब-इंडीकेटर बताए गए हैं, जो 9 पैरामीटर्स पर 41 इंटीकेटर्स में बंटे हुए हैं। ईओएमआई में उपलब्धता और समावेशन के पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसमें ह्यमोबिलिटी फॉर ऑलह्ल की जरूरत पर बल देते हुए कहा गया है कि एक वाईब्रैंट एक्टिव एवं शेयर्ड मोबिलिटी के परिवेश के लिए यह एक मुख्य पहलू है। ईओएमआई 2022 की रिपोर्ट में सामने आया है कि एक्टिव एवं शेयर्ड मोबिलिटी को अपनाने की सबसे ज्यादा संभावनाएं कोच्चि में हैं, जबकि भुवनेश्वर सुगम मोबिलिटी अनुभव प्रदान करने के मामले में शिखर पर है।

## आरोपियों ने दुष्कर्म पीड़िता से कोर्ट परिसर में की बदसलूकी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
कोर्ट परिसर के अंदर दुष्कर्म पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने व गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त को दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती ने दो भाइयों और उनकी मां के खिलाफ दुष्कर्म, गर्भपात कराने व अमानत में खयानत समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करा रखा है, लेकिन तीनों आरोपी इस मामले में जमानत पर बाहर हैं। युवती ने पुलिस आयुक्त को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में दीपक, उसके भाई व मां के खिलाफ दुष्कर्म, गर्भपात कराने व अमानत में खयानत, धमकी, जहरखुरानी व एससी एसटी एक्ट का मुकदमा सेक्टर-27 थाना में दर्ज कराया था, जिसमें तीनों आरोपी जमानत पर बाहर हैं।

# पानीपत जिला की सभी 352 जीपी इंडस्ट्री की जांच करेगी चार टीमें

## जिला की 352 में से अभी तक हुई है 120 जीपी इंडस्ट्री की जांच, जून तक जांच होगी पूरी, -पानीपत में कोयला आधारित उद्योग बंद होने पर अब पानी से प्रदूषण फैलाने वाली इंडस्ट्री की जांच कर रही है टीमें

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)। पानीपत** जिला में वायु गुणवता प्रबंधन आयोग के निर्देशानुसार कोयला आधारित उद्योग पिछले वर्ष 31 दिसंबर से बंद हो चुके है और जिला में अब इन उद्योगों में पीएनजी, एलपीजी या बायोमास फ्यूल का ही प्रयोग हो रहा है। वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अब पानीपत जिला की अत्यधिक प्रदूषणकारी उद्योग यानि जीपीआई की जांच करवाई जा रही है। इसके लिये सीपीसीबी व एचपीसीबी द्वारा जिला पानीपत के 352 उद्योगों को चिन्हित किया गया है। सीपीसीबी ने इन उद्योगों की जांच के लिये आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रूडकी, सीपीपीआरआई सहारनपुर व वीएसआई पूना की चार टीमों को थर्ड पार्टी के रूप में हॉयर किया गया है। इन चारो टीमों द्वारा पानीपत जिला की कुल 352 जीपी इंडस्ट्री में से सोमवार तक 120 उद्योगों की जांच की जा चुकी है। इन टीमों द्वारा जीपी इंडस्ट्री में जाकर वहां से निकलने वाले पानी व ईटीपी के सैंपल लिये जा रहे है। टीमों द्वारा उस उद्योग के सारे रिकार्ड का भी निरीक्षण किया जाता है। एक टीम रोजाना 3-4 इंडस्ट्री की ही विजिट करती है और वहां से लिये गये पानी के सैंपल अपने साथ लेकर जाती है। इन टीमों द्वारा ही लैबों में सैंपलों के पानी की जांच करके सीपीसीबी को ऑनलाईन रिपोर्ट सबमिट की जाएगी। पानीपत की सभी जीपी इंडस्ट्री की जून तक हो जाएगी जांच पूरीः कमलजीत
हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ कमलजीत सिंह ने बताया कि सीपीसीबी द्वारा हॉयर की गई चार टीमों द्वारा पानीपत जिला की चिन्हित की गई कुल 352 जीपी इंडस्ट्री की जांच जून माह तक पूरी हो जाएगी। इन टीमों ने अभी तक 120 जीपी इंडस्ट्री की जांच पूरी कर ली है और इनके द्वारा लिये गये पानी के सैंपलों की जांच करके रिपोर्ट सीपीसीबी को ऑनलाईन सबमिट की जा रही है।

# अव्वल रहने वाले छात्र होते हैं विद्यालय की आन बान और शान

## विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया सम्मानित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**आज राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीपला कलस्टर में क्लस्टर हेड प्रिंसिपल उषा रानी की देखरेख में दो दिवसीय फर्स्ट एनुअल एथलीट मीट खेल प्रतियोगिता संचालित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी बलजीत मलिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर गांव कनीपला की सरपंच श्रीमती गगनदीप एवं समस्त स्टाफ सदस्य, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे। प्रिंसिपल उषा रानी ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों का संक्षिप्त ब्योरा दिया। इस अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर ,400 मीटर, 800 मीटर शॉर्ट पुट लोंग जंप, कबड्डी, मटकी दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बलजीत मलिक ने कहा कि अव्वल आने वाले छात्र विद्यालय की आन बान और शान होते हैं। ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राएं होते हुए भी यह छात्र किसी से कम नहीं इनके अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं केवल उसको बाहर निकालने वाले चाहिए। बेस्ट एथलीट लड़कों का पुरस्कार जतिन छात्र कनीपला व लड़कियों में दीपाली छात्रा कनीपला को मिला, क्लस्टर के सभी विद्यालयों में से ओवरऑल ट्रॉफी कनीपला स्कूल को मिली।डी. ई. ओ. बलजीत मलिक ने खेल के क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों के लिए छात्र छात्राओं को बधाई दी। विजेता खिलाड़ियों को जिला शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर हथीरा स्कूल के प्रिंसिपल रमेश सैनी, खैरी स्कूल के प्रिंसिपल दया सिंह स्वामी, मॉडल संस्कृति स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल सचिंद्र कोडा ने भी अपने वक्तव्य के द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित एवं शुभकामनाएं दी। एनसीसी के कैडेट्स ने भी कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। कनिपला की प्रिंसिपल उषा रानी ने जिला शिक्षा अधिकारी व कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय में उपस्थित सभी छात्रों को रिफ्रेशमेंट देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# चेयरमैन बीडीपीओ ने पंचायत समिति सदस्यों से विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**खंड विकास** एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई । जिसमे बीडीपीओ पूनम चंदा ने सभी वार्डो के पंचायत समिति मेंबरों से विकास कार्यों के लिए समीक्षा मांगी । बैठक में 29 में से केवल एक तिहाई पंचायत समिति मेंबरों ने ही बैठक में हिस्सा लिया।पंचायत समिति चेयरमैन सोनू ने बताया कि करीब साढ़े तीन करोड रुपए का बजट अभी पंचायत समिति के पास है । जिसका उपयोग विकास कार्यों के लिए होना है बीडीपीओ गन्नौर सभी पंचायत समिति मेंबर को निर्देश दिए हैं कि वे 2 दिन के अंदर अपने विकास कार्यों का लिखित रूप में अवगत कराएं ताकि उनका समय रहते कार्य करवाए जा सकें । चेयरमैन सोनू ने बताया कि 5 लाख तक के कार्य बिना टेंडर के करवाए जा सकते हैं जबकि उससे अधिक के कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया का प्रयोग किया जाएगा ।

**8 जिनकी नहीं आई है वह भी जल्दी ही अपनी डिमांड जमा करवा देंगे ताकि विकास कार्यों को करवाने में तेजी लाई जा सके**

बीडीपीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि सबसे पहले उन विकास कार्यों को कराया जाएगा जो अत्याधिक महत्व वाले है, उनमें चौपाल ,शौचालय, गलियों आदि के निर्माण कार्य करवाए जाएंगे । चेयरमैन सोनू ने बताया कि कुछ समिति पंचायत मेंबरों की डिमांड हमारे पास आ चुकी हैं और जिनकी नहीं आई है वह भी जल्दी ही अपनी डिमांड जमा करवा देंगे ताकि विकास कार्यों को करवाने में तेजी लाई जा सके।

## संपादकीय

# श्री की इच्छा है हिन्दवी स्वराज्य

**पुणे से** 82 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम दिशा में रोहिडखोरे की भोर तहसील में साद्रि की सुरम्य वादियों के बीच समुद्र तल से लगभग 4694 फीट ऊंचाई पर घने जंगलों के बीच स्थित श्री रायरेश्वर गढ़ (किला) हिन्दवी स्वराज्य प्रतिज्ञा दिवस का साक्षी है। 26 अप्रैल, 1645 को वीर बालक शिवा ने यहीं हिन्दवी स्वराज्य का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा था-यह मेरी नहीं, श्री की इच्छा है। यहां की पर्वत शृंखलाओं के बीच सांय-सांय करती हवा पर कान धरा जाए तो आज भी वीर बालक शिवा की प्रतिज्ञा की वह गूंज सुनी जा सकती है। इस प्रतिज्ञा ने धर्मद्रोही मुगलिया सल्तनत को उखाड़ फेंका था। यहां वह प्राचीन शिवालय आज भी है, जहां शिवा ने अपने कुछ मित्रों के साथ स्वराज्य की शपथ ली। यह वह दौर था जब मुगलिया सल्तनत के अत्याचारों के चलते हिन्दू आत्म विस्मृत हो चला था। उसके मन में यह विचार ही आना बंद हो गया था कि यह भारत भूमि उसकी अपनी है। वह यहां मुगलों की चाकरी क्यों कर रहे हैं? देश में गो-ब्राह्मण, स्त्रियां और धर्म सुरक्षित नहीं रह गया था। हिन्दू समाज को इस अंधकार से बाहर निकालने और उसके मन में एक बार फिर आत्मगौरव की भावना जगाने का संकल्प शिवाजी महाराज ने लिया था। कहा जा सकता है कि हिन्दवी स्वराज्य की संकल्पना का यहीं प्रथम उद्घोष था। यहां साद्रि के रमणीय उतुंग शिखर परमहादेव विराजे हैं। नाना प्रकार के पुष्पों के पौधे एवं लताएं, यहां सघन वन का सौंदर्य बढ़ाती हैं। विविध प्रकार के पक्षियों के कलरव से भी मन का आनंद बढ़ता है। सोच कर हैरान होती है कि एक किशोर अपने साथियों के साथ पुणे से इस दुर्गम पठार पर स्थित शिवालय में संकल्प के लिए आया होगा। उस समय शिवाजी 15-16 वर्ष के किशोर थे। उनके साथ बारह मावल प्रांतों से कान्होजी जेधे, बाजी पासलकर, तानाजी मालुसरे, सूयार्जी मालुसरे, येसाजी कंक, सूयार्जी काकडे, बापूजी मुदगल, नरसप्रभू गुप्ते, सोनोपंत डबीर भी थे। शिवाजी ने श्री रायरेश्वर महादेव के समक्ष इन सिंहसमान महापराक्रमी मावलों के मन को कुछ इस तरह झकझोरा होगा- ह्लमुगलों की पराधीनता हम कब तक सहेंगे? चंद जागीरों की खातिर हम कब तक धर्म पर घात होने देंगे? गो-ब्राह्मण और स्त्रियों पर अत्याचार आखिर कितने दिन तक सहते रहेंगे? मैं अब यह सब नहीं सह सकता। मैंने एक संकल्प कर लिया है। शिवाजी की ओजस्वी वाणी से मावलों में एक तरंग दौड़ गई होगी और उन्होंने कहा होगा कि महाराज अपनी इच्छा प्रकट कीजिए। जैसा आप कहेंगे, हम वैसा ही करेंगे। हां, हम वैसा ही करेंगे। मावलों के इस प्रकार के उत्तर से निश्चित ही महाराज उत्साहित हुए होंगे और उन्होंने कहा होगा, तो आओ, हम सब महादेव श्री रायरेश्वर के समक्ष प्रतिज्ञा करें कि हम अपना राज्य स्थापित करेंगे। अब से हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना ही हमारे जीवन का एकमात्र उद्देश्य होगा। हम सब प्रकार के कष्ट उठाएंगे, प्रत्येक परिस्थिति में हम एक-दूसरे का साथ देंगे। श्री रायरेश्वर को साक्षी मानकर हम प्रतिज्ञा करते हैं कि स्वराज्य की स्थापना के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर देंगे। वीर शिवाजी ने हिन्दवी स्वराज्य की संकल्पना में अपने साथियों के विश्वास को और पक्का करने के लिए कहा कि यह मेरी इच्छा नहीं है। अपितु हिन्दवी स्वराज्य ही श्रींची इच्छा है। अर्थात यह हिन्दवी स्वराज्य की इच्छा ईश्वर की इच्छा है। ओजस्वी वाणी के कंपन और शुभ संकल्प की ऊर्जा से शिवालय का वातावरण प्रेरक हो गया था।

# राजस्थान में चुनावी चेहरे को लेकर परेशान है भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> कोटा के सांसद ओम बिरला दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह की पहली पसंद है। हो सकता है यदि चुनाव में पार्टी को बहुमत मिले तो उन्हें मुख्यमंत्री भी बना दिया जाए। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए सीपी जोशी उनके आशीर्वाद से ही अध्यक्ष बन पाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष के संवैधानिक पद पर होने के कारण ओम बिरला खुलकर पार्टी की राजनीति नहीं कर सकते हैं। ना ही वह पार्टी पदाधिकारी बन सकते हैं। जाट नेता सतीश पूनिया के रूखे व्यवहार व वसुंधरा राजे से सीधे टकराव के चलते ही उन्हें पद से हटाया गया था। ऐसे में उनकी भूमिका सीमित ही रखी जाएगी। केंद्र सरकार में राज्य मंत्री व बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल अपने विवादास्पद व्यक्तित्व के चलते सर्वमान्य नेता के रूप में स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं

**राजस्थान** में दिसम्बर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियां प्रारंभ कर चुके हैं। भाजपा भी प्रदेश में अपने सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने में जुटी है। इसी के तहत प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सांसद सीपी जोशी व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर राजेंद्र सिंह राठौड़ को नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए सतीश पूनिया को उपनेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। भाजपा अपने चुनावी गणित में सोशल इंजीनियरिंग का फामूर्ला फिट कर रही है। इतना सब करने के बाद भी भाजपा आलाकमान राजस्थान को लेकर संतुष्ट नहीं लग रहा है। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता लगातार राजस्थान का दौरा कर गुआपसी खेमेबंदी को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन भाजपा में व्याप्त खेमेबंदी रुक नहीं रही है। राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी समस्या चुनावी चेहरे की हैं। जिसके सहारे पार्टी चुनावी मैदान में उतर सके। राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सबसे बड़ी नेता मानी जाती रही है। मगर भाजपा आलाकमान उन्हें चुनाव में चेहरा बनाना नहीं चाहता है। भाजपा आलाकमान चाहता है कि वसुंधरा राजे के स्थान पर नए लोगों को आगे बढ़ाया जाए। इसी सोच के तहत जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। राजपूत समाज से आने वाले गजेंद्र सिंह को पार्टी आलाकमान राजस्थान में प्रमुख चेहरा बनाना चाहता था। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गजेंद्र सिंह को संजीवनी क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी घोटाले में लपेटकर विवादास्पद बना दिया है। स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राजस्थान उच्च न्यायालय से अपनी अग्रिम जमानत तक करवानी पड़ी है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को लोकसभा चुनाव में हराकर गजेंद्र सिंह शेखावत जोधपुर से सांसद बने थे। इस कारण मुख्यमंत्री गहलोत गजेंद्र सिंह को लपेटने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते हैं। इन दिनों मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुलकर



गजेंद्र सिंह शेखावत पर प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों से 900 करोड रुपए ठगने का आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री गहलोत तो सार्वजनिक रूप से इतना तक कह रहे हैं कि गजेंद्र सिंह शेखावत को आमजन से ठगी कर एकत्रित कर विदेशों में जमा करवाए गए धन को वापस लाकर गरीब लोगों को लौटाना चाहिए। गहलोत के आरोपों से गजेंद्र सिंह शेखावत की छवी सार्वजनिक रूप से खराब हुई है और वह बैकफुट पर आ गए हैं। गजेंद्र सिंह को लेकर मुख्यमंत्री गहलोत के आक्रमक रूप को देखते हुए भाजपा आलाकमान भी उन्हें फ्रंट फुट पर उतारने से कन्नी काटने लगा है। भाजपा आलाकमान को पता है कि यदि गजेंद्र सिंह शेखावत को चेहरा बनाकर पार्टी विधानसभा चुनाव में उतरती है तो मुख्यमंत्री गहलोत का मुख्य निशाना उन्हीं पर होगा और इसका खामियाजा भाजपा को उठाना पड़ेगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी नहीं चाहती है कि राजपूत समाज के किसी अन्य नेता को उनके स्थान पर प्रोजेक्ट कर चुनाव लड़ा जाए। इसके लिए वसुंधरा राजे अपने समर्थकों से अंदर खाने गजेंद्र सिंह का विरोध करवा रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए चित्तौड़गढ़ के सांसद सीपी जोशी प्रदेश में कोई पॉपुलर फेस नहीं रहे हैं। प्रदेश स्तर पर उनका कोई बड़ा जनाधार भी नहीं है। दोनों लोकसभा चुनाव भी वह मोदी के चेहरे पर जीते हैं। जातिगत समीकरण के हिसाब से उनको प्रदेश अध्यक्ष तो बना दिया गया है। मगर उन्हे चुनावी चेहरा बनाकर पार्टी को शायद ही कोई फायदा मिले। सीपी जोशी खुद भी लगातार बोल रहे हैं कि वह मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल नहीं हैं। उनका काम संगठन को मजबूत करना हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए गए राजेंद्र राठौड़ लगातार सातवीं बार विधायक बने हैं। मगर उनका भी प्रभाव अपने क्षेत्र तक ही सीमित है। वह पार्टी का प्रदेश स्तर पर नेतृत्व कर सके इतना प्रभाव उनका नहीं रहा है। कोटा के सांसद ओम बिरला दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह की पहली पसंद है। हो सकता है यदि चुनाव में पार्टी को बहुमत मिले तो उन्हें मुख्यमंत्री भी बना दिया जाए। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए सीपी जोशी उनके आशीर्वाद से ही अध्यक्ष बन पाए हैं। लोकसभा अध्यक्ष के संवैधानिक पद पर होने के कारण ओम बिरला खुलकर पार्टी की राजनीति नहीं कर सकते हैं। ना ही वह पार्टी पदाधिकारी बन सकते हैं। जाट नेता सतीश पूनिया के रूखे व्यवहार व वसुंधरा राजे से सीधे टकराव के चलते ही उन्हें पद से हटाया गया था। ऐसे में उनकी भूमिका सीमित ही रखी जाएगी। केंद्र सरकार में राज्य मंत्री व बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल अपने विवादास्पद व्यक्तित्व के चलते सर्वमान्य नेता के रूप में स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं। उनके पुत्र से जुड़े विवादों के चलते पिछले दिनों उन्हें बचाव की मुद्रा में आना पड़ा था। बीकानेर के दिग्गज नेता देवी सिंह भाटी से अनबन के चलते ही उनका पुत्र जिला परिषद का चुनाव हार गया था। भाजपा के राज्यसभा सदस्य डॉ किरोड़ी लाल मीणा जुझारू छवि के नेता है तथा आए दिन जनआन्दोलन करते रहते हैं। मगर बढ़ती उम्र व विवादो में रहने के चलते पिछले विधानसभा चुनाव में उनका समर्थक एक भी प्रत्याशी विधानसभा चुनाव में नहीं जीत पाया था। उनकी स्वयं की दौसा संसदीय सीट पर भी उनकी विरोधी रही जसकौर मीणा को प्रत्याशी बनाया गया था। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुलकर फ्रंट फुट पर खेल रहे हैं। पिछले दिनों सचिन पायलट के अनशन के दौरान पार्टी आलाकमान ने स्पष्ट रूप से उनके ही नेतृत्व में अगला चुनाव लड़े जाने की घोषणा कर दी थी। उसके बाद से गहलोत विपक्ष सहित पायलट पर भी आक्रामक रूख अपनाए हुए हैं। अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की चुनाव की कमान पूरी तरह अशोक गहलोत के हाथ में रहेगी। वहीं भाजपा को मजबूरी में बिना चेहरे के ही चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा। उस पर वसुंधरा की उपेक्षा भी भाजपा को भारी पड़ सकती है।

कर्नाटक चुनाव में टिकट काटने पर बहुत से भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ कर भाजपा को तगड़ा झटका दिया है। राजस्थान में भी यदि वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की उपेक्षा की गई वही स्थिति हो सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे राजस्थान में भाजपा के लिए बड़ा संकट बनी हुई है। पार्टी उनकी जितनी उपेक्षा करेगी उतना ही अधिक भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रदेश की राजनीति में आज भी वसुंधरा राजे समर्थकों का एक बड़ा वर्ग है जो वसुंधरा राजे की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। कुल मिलाकर भाजपा के पास प्रदेश में ऐसा कोई सर्वमान्य चेहरा नहीं है जिसके नाम व नेतृत्व में सभी नेता एकजुट होकर चुनाव लड़ सकें। यही भाजपा की सबसे कमजोर कड़ी साबित होगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### मंजिल और सपने

पग-पग यूँ फिर बढ़ते जाते हैं

डग-डग यूँ फिर भरते जाते हैं

उम्मीदें यूँ फिर बढ़ती जाती हैं
फासले यूँ फिर-भरते जाते हैं
रास्ते यूँ फिर- आसान लगते हैं
चाहतों के यूँ फिर पँख सजते हैं
कामयाबी यूँ फिर मुस्कुराती हैं
सपने यूँ फिर खिल-खिलाते हैं
डर यूँ फिर डरने लग जाते हैं
हार यूँ फिर जीत बन जाते हैं
मंजिलें यूँ फिर पास आती हैं

हौसले यूँ फिर बढ़ते जाते हैं
मग तो यूँ फिर सब कट जाते हैं

पग से यूँ फिर-डग भर जाते हैं

संकल्पों से यूँ फिर भर जाते हैं
सपने यूँ फिर सच कर जाते हैं

प्रभुनाथ शुक्ल

# जनसंख्या शिखर : उपलब्धि नहीं चुनौती

**डॉ घनश्याम बादल**

**हिंदुस्तान** चीन को पछाड़कर भारत जनसंख्या का सिरमौर देश बन गया है। ऐसी संभावनाएं पहले से ही जाहिर की जा रही थी की भारत जल्द ही चीन को जनसंख्या वृद्धि के मामले में पीछे छोड़ देगा पर यह संभावना 2028 के आसपास जाहिर की जा रही थी मगर भारत में यह काम 2023 में ही कर दिया है। भारत में जनसंख्या का ग्राफ जिस तेजी से बढ़ा है वह हैरतअंगेज है और सुरसा बढ़ती हुई विशाल जनसंख्या ने हर उपलब्धि को बौना साबित किया है। अशिक्षा, गरीबी, रूढ़िवादिता, धार्मिक कट्टरता और अपने संप्रदाय विशेष को हावी करने की कुटिल इच्छा जैसे कितने ही कारण है इस जनसंख्या रूपी अजगर के निरंतर बड़े होते जाने के । यह अजगर हर भारतीय के हिस्से में आने वाली चीजों को कम कर रहा है । 1947 में आजाद हुए 36 करोड़ लोगों का देश महज 75 साल में ही 142.86 करोड़ जनसंख्या वाले दुनिया के सबसे बड़े जनसंख्या राष्ट्र में बदल गया । इन 75 सालों में भारत की जनसंख्या 3 गुना से भी ज्यादा बढ़ी है ।जनसंख्या वृद्धि दर इतनी ऊंची है कि प्रतिवर्ष न्यूजीलैंड व ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की कुल जनसंख्या से भी ज्यादा लोग हमारी आबादी में जुड़ रहे हैं । स्वाभाविक रूप से सुरसा के मुख सी बढ़ती हुई जनसंख्या के लिए खाने, पहनने और रहने की समस्याएं भी विकराल रूप लेती गईं। राष्ट्रीय सरकारों में जनसंख्या नियंत्रण के उपायों लागू करने के लिए जो प्रतिबद्धता चाहिए थी हर सरकार से गायब नजर रही है। इसके पीछे सबसे बड़ी राजनीतिक मजबूरी थी देश के एक खास वर्ग का वोट पैकेज में तब्दील हो जाना। जब तक देश में कांग्रेस की सरकारें रही यह वोट पैकेज उसको सत्ता दिलाता रहा और इसी सत्ता के लालच ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को अस्तित्व में आने से रोके रखा । जहां हिंदू धर्म के उच्च वर्गों में हम दो हमारे दो के नारे से जन जागृति आई वहीं अब तो बच्चा एक ही अच्छा के सिद्धांत पर एक बहुत बड़ा वर्ग चल रहा है । इस वर्ग ने अपनी जनसंख्या की वृद्धि पर काफी हद तक नियंत्रण कर लिया है । हालांकि हिंदू समाज के भी निचले तबकों में अभी वह जागृति देखने को नहीं मिलती ती जो होनी चाहिए । अब समय आ गया है कि समय के साथ केंद्र एवं राज्य सरकारों को निष्पक्ष तरीके से सबका साथ सबका साथ सबका विकास नारे को धरातल पर उतारते हुए, पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू कर ही देना चाहिए । जनसंख्या नियंत्रण कानून के अंतर्गत इस प्रकार के प्रावधानों का होना आवश्यक हो कि एक सीमित संख्या तक ही परिवार बढ़ने पर लोगों को सब्सिडी, लोन या राशन आदि की सुविधा मिले। निर्धारित संख्या से ऊपर संतान उत्पत्ति पर प्रतिबंधात्मक प्रावधानों का होना जरूरी है । ऐसी नीति के क्रियान्वयन में धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिरोध भी खड़ा किया सकता है अतः जनसंख्या नियंत्रण कानून को चरण दर चरण लागू करने की नीति अपनाई जा सकती है।

## विचार

# महाराष्ट्र की राजनीति में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा

**अशोक भाटिया**

**महाराष्ट्र** में राजनीति चरम पर है। एक तरफ तो शिंदे-फडणवीस सरकार पर महाविकास अघाड़ी के नेता लगातार हमलावर हैं। तो वहीं महाविकास अघाड़ी के भीतर ही अनबन चल रही है। हाल ही में जलगाँव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, उद्धव, जो अब शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख हैं, ने कहा, "महाराष्ट्र में चुनाव कभी भी हो सकते हैं और हम इसके लिए तैयार हैं। शिवसेना का असली हकदार कौन है, ये मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है और हमें उम्मीद है कि अंतिम फैसला हमारे पक्ष में होगा। उसके बाद कभी भी कुछ भी हो सकता है।उनके इस बयान पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निशाना साधते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि असली शिवसेना किसकी है, यह तय करने के लिए पाकिस्तान के प्रमाणपत्र की जरूरत है। लोगों से मिल रहे समर्थन को देखकर पाकिस्तान भी बता देगा कि असली शिवसेना किसकी है, लेकिन निर्वाचन आयोग ऐसा नहीं कर सकता, क्योंकि वह मोतियाबिंद से पीड़ित है। बहुत समय से ऐसा ही कुछ हो रहा है जिन्होंने महाराष्ट्र की सियासत में होने वाले बड़े सियासी उलटफेर को लेकर अटकलें तेज कर दी हैं। इन अटकलों की शुरूआत अजित पवार से हुई थी। कहा गया कि अजित पवार ने एक बार फिर पाला बदलने की तैयारी कर ली है, जिसे लेकर एनसीपी के विधायक लगातार उनसे मुलाकात कर रहे हैं। ये अटकलें चल ही रही थी कि एनसीपी सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बयान देकर आग में घी डालने का काम कर दिया। सुप्रिया सुले ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि अगले 15 दिनों में देश की राजनीति में दो बड़े धमाके होने जा रहे हैं। इनमें से एक धमाका महाराष्ट्र की सियासत में होगा और दूसरा केंद्र में। सुले के इस बयान की खूब चर्चा हुई और कयासों का बाजार और गर्म हो गया है । हालांकि अजित पवार को लेकर चल रही अटकलों को लेकर राजनीतिक जानकारों ने साफ किया कि वो खुद एक बार फिर अकेले कोई कदम उठाकर जोखिम नहीं लेना चाहेंगे, इसीलिए इस बार शरद पवार के इशारे का इंतजार है। जो सुप्रीम कोर्ट के फैसले तक पार्टी विधायकों को शांत रहने की सलाह दे रहे हैं। इसी का नतीजा रहा कि कई दिनों तक चुप्पी साधे अजित पवार ने मीडिया के सामने आकर कहा कि वो मरते दम तक एनसीपी में रहेंगे। इसके बाद उन्हें लेकर लगाई जा रही अटकलों पर थोड़ा विराम लगा। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले नेता संजय राउत ही हैं। जो अपने बयानों से अक्सर लोगों को चौंकाते रहे हैं और बेबाकी से भरे अंदाज में कई बातों के संकेत देने का काम करते रहे। अब संजय राउत ने महाराष्ट्र की सियासत में सुलगी चिंगारी को हवा देने का काम कर दिया। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की शिंदे सरकार अगले 15 दिनों में गिर जाएगी। राउत ने कहा कि इस सरकार का डेथ वारंट जारी हो चुका है, जिस पर जल्द हस्ताक्षर भी कर दिए जाएंगे। संजय राउत के इस बयान ने महाराष्ट्र में नए सिरे से बहस शुरू कर दी। अपने तेज तर्रार सिपाही के इस बयान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी महाराष्ट्र की शिंदे-भाजपा सरकार के गिरने का दावा कर दिया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र में कभी भी चुनाव हो सकते हैं और हम इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस दौरान ठाकरे ने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके ही पक्ष में आएगा। भारत की सियासत में कहा जाता है कि शरद पवार की अगली चाल का पता लगा पाना काफी मुश्किल होता है। महाराष्ट्र में जारी सियासी घमासान के बीच राजनीति के धुरंधर शरद पवार ने एमवीए गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी है, लेकिन कल होगी या नहीं इसका पता नहीं। इस दौरान पवार ने आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव का भी जिक्र किया। अब ये सभी जानते हैं कि शरद पवार कुछ भी यूं ही नहीं कहते हैं। इसीलिए उनके बयान के अब कई मायने निकाले जा रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति को समझने वाले जानकारों का कहना है कि शरद पवार हमेशा की तरह अपने हाथ में पूरी कमान रखना चाहते हैं। ताजा बयान की बात करें तो वो चुनाव से पहले ही कांग्रेस और उद्धव गुट को अपनी ताकत का एहसास करवाने की कोशिश कर रहे हैं। क्योंकि एमवीए में फिलहाल सबसे ताकतवर पार्टी एमसीपी है। ऐसे में पवार चाहते हैं कि जब भी कल सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत होगी तो उसमें एनसीपी की बात सबसे ऊपर रखी जाए।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# जम्मू कश्मीर की शांति भंग करने की कोशिशें

**राजेश माहेश्वरी**

**पिछले दिनों** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एक ट्रक पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवान शहीद हो गए। हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद से ही जुड़े एक आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इस खबर के प्रसारित होते ही देश में शोक की लहर दौड़ गई। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से आतंकी हमलों में कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद आतंकियों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जा सकी है। पिछले दो वर्षों की बात करें तो इस अवधि में जम्मू-कश्मीर में 4 बड़े आतंकी हमले हुए हैं। 11 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले के सुरंग कोट तहसील में हुए एक आतंकी हमले में पांच भारतीय सेना के जवानों की शहादत हुई थी। 16 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले में हुए आतंकी हमले में 4 जवान शहीद हुए थे। 11 अगस्त, 2022 को राजौरी के परगल इलाके में आर्मी कैंप में हुए एक आतंकी हमले में 5 जवान शहीद हुए थे, जबकि इस हमले को अंजाम देने वाले दोनों हमलावर फिदायीन को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। वहीं, 1 जनवरी, 2023 को राजौरी के डांगरी में हुए एक आतंकी हमले में हिंदू समुदाय के 7 लोगों को आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया था। वास्तव में कभी पुलिस या सेना के जवान तो कभी कस्बों में बचे-खुचे कश्मीरी पंडितों की हत्या जैसी वारदातों के जरिये तनाव जारी रखने का षडयंत्र रचा जाता है। लेकिन इससे इतर सेना के काफिलों पर हमला करने की वारदातें भी होती रहती हैं जिनसे ये प्रमाणित होता है कि तमाम चैकसी के बावजूद सीमा पार से आने वाले आतंकी कश्मीर घाटी में घुसने में कामयाब हो जाते हैं। इसका ताजा उदाहरण गत दिवस राजौरी के पास सेना के एक ट्रक पर हुआ हमला है जिसमें पांच सैनिक मारे गए और अनेक घायल हैं। यह वारदात कई गंभीर सवाल खड़े करती है। वास्तव में इस वारदात से एक बात स्पष्ट हो गयी कि भले ही पर्यटकों को परेशान न किया जाता हो क्योंकि ऐसा करने से स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ता है, इसीलिये सैन्य ठिकानों के अलावा सेना के काफिलों पर घात लगाकर हमले करने की रणनीति पर अमल हो रहा है।

# फोकट की दावत

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**फोकट** की दावत वह भी महंगाई के दिनों में! वाह! सुनते ही पाचन तंत्र के सभी अंग खिलखिलाने लगे। बहुत दिनों के बाद उन्हें पचाने के लिए कुछ मिलने वाला है। वरना उन्हें संदेह हो रहा था कि वे शरीर के अंग हैं भी या नहीं। सब कुछ ठीक-ठाक था लेकिन चक्कर दावत के तरीके से था। अंग्रेजी में उस दावत की स्पेलिंग तो मुझे पता है किंतु उच्चारण करना कैसे है, यही मेरे लिए टेढ़ी खीर है। कभी बुफेट कहता हूँ तो कभी बफेट। कुछ लोगों के कहने पर बुफे तो कुछ लोगों के कहने पर बफे। मुझे अभी तक यह समझ नहीं आया कि मैं खाने जा रहा हूँ या दिमाग का दही बनाने। सामान्य भाषा में कहना हो तो खड़े होकर, हाथ में प्लेट लेकर दर-दर की ठोकरें खाते हुए परोसने वाले के पास पहुँचकर खाने को जो कुछ भी मिल जाता है उसे ही वो (बुफेट, बफेट, बुफे, बफे) कहते हैं। परोसिया भी ऐसा कि किसी कोड लैंग्वेज का पालन करने वाला रोबोट हो जैसे। वह परोसेगा भी ऐसे जैसे उसके घर से दे रहा है। दूसरी बार जाने पर वह ऊपर से नीचे ऐसे घूरता है कि तीसरी बार जाने से पहले शर्म के मारे मर ही जाएँ। आप मानें या न मानें हमारे लिए यह दावत किसी आफत से कम नहीं है। ऐसी दावतों में बड़ा सज-धजकर जाना पड़ता है। एकदम शोरूम के बुत की तरह। ऊपर से चंगे और भीतर से भूखे-नंगे। हॉल में जैसे ही बैठे, अचानक से भगदड़ मची। पता चला कि खड़ाखाऊ दावत के व्यंजनों पर से ढक्कन उतार दिए गए हैं। ऐसे समय में अब न चूक चौहान की तर्ज पर लंबी-लंबी कतारों में बाढ़ में बर्बाद हो गए किसी शरणार्थी की तरह राहतसामग्री हेतु खड़े होने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसी दावतों में पहले आओ अच्छा पाओ की स्मीक खुलेखाम धड़ल्ले से चलती है। देर हुई तो समझो गए काम से। हमारी हालत तो और भी बदतर थी। हाथ में प्लेट लिए खाना तो दूर उसे देखने भर के लिए तरस रहे थे। मेरे एक मित्र की हालत तो लाएँ हैं तूफान से कश्ती निकालकर की तर्ज पर लाएँ हैं बिरयानी अपना कुर्ता फड़वाकर जैसी हो गई थी। इसलिए इन दावतों की अदाओं से कुछ अनुभवी लोग अपना परिधान बचाकर पूरा ध्यान खाने पर रखते हैं। कभी-कभी तो लगता है ऐसे विशेषज्ञों से इन दावतों में जाने का प्रशिक्षण ले लेना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### नेशनल पोकर सीरीज इंडिया का रिकॉर्ड भागीदारी के साथ समापन

**गुरुग्राम :** पोकरबाजी पर आयोजित भारत की प्रतिष्ठित पोकर सीरीज, नेशनल पोकर सीराज इंडिया (एनपीएस) 2023 के तीसरे संस्?करण का काफी उत्साहवर्धक और जोशीले अंदाज में समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में देशभर के पोकर के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभरकर सामने आए। उन्होंने 18 दिन की कड़ी मेहनत के बाद यह प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया। ये तीनों भारतीय खिलाड़ी वैश्विक स्?तर पर लासवेगास में होने वाली पोकरबाजी की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस कड़ी प्रतियोगिता में, बिहार के दरभंगा में रहने वाले विक्रम मिश्रा विजेता बनकर उभरे। उन्होंने तीन स्वर्ण और दो रजत पदक जीतकर मेडल लीडरबोर्ड पर 40 पॉइंट दर्ज किए। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए हरियाणा के अनिर्बन दास और उत्तरप्रदेश के अब्दुल अजीज अंसारी में कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें अनिर्बन ने अंसारी को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया था। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी का फैसला खेल में शामिल खिलाड़ियों की संख्या के आधार पर हुआ। 2023 में हुई प्रतियोगिता में कुल 107 टूनामेंट हुए जिसमें खिलाड़ियों की भागीदारी के मामले में पिछले सभी रेकॉर्ड टूट गए। 2022 में इस टूनामेंट में 96 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जबकि 2023 में इस प्रतियोगिता में 1.25 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने भागीदारी की।

देश भर के खिलाड़ियों की इस प्रतियोगिता में भागीदारी के बीच दिल्ली के खिलाड़ियों ने 55 मेडल जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। महाराष्ट्र ने 51 मेडल के साथ प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश ने 45 मेडल जीते, जबकि हरियाणा ने 32 मेडल जीतकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर कब्जा किया। यह पोकर के कई और क्षेत्रों में लोकप्रिय होने प्रतीक है। इसके अतिरिक्त यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2023 में महिलाओं ने अपनी 33 फीसदी से ज्यादा भागीदारी दर्ज की।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# आयुक्त एवं सचिव ने किया करनाल का दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**शहरी स्थानीय** निकाय विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने मंगलवार को करनाल का दौरा कर स्मार्ट सिटी और नगर निगम से जुड़ी करोड़ों रुपए लागत की भिन्न-भिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और फिर परियोजना स्थल का निरीक्षण कर उनकी प्रगति देखी।



लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने आयुक्त एवं सचिव का स्वागत किया और फिर एक प्रेजेंटेशन के जरिए स्मार्ट सिटी परियोजनाएं और उन पर खर्च की जा रही धनराशि की जानकारी दी। इसी तरह नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने भी समीक्षा बैठक में नगर निगम की भिन्न-भिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त अनीश यादव ने स्मार्ट सिटी की कुल 93 परियोजनाओं/कार्यों का स्टेटस और उन पर कितनी धनराशि खर्च हुई है, की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केएससीएल की, 252 करोड़ 27 लाख रुपए की 14 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन का भिन्न-भिन्न विभागों के साथ जो एम.ओ.यू. हुआ है, उसके तहत 20 प्रोजेक्ट हैं, इन पर करीब 498 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च होगी। इनमें नगर निगम, एच.एस.वी.पी.,पी.डब्ल्यू.डी., सिंचाई, जन स्वास्थ्य और भारतीय रेलवे जैसे विभागों के साथ एम.ओ.यू. हुआ है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अब तक जो प्रोजेक्ट/कार्य मुकम्मल हो चुके हैं, उनकी संख्या 57 है तथा उन पर करीब 273 करोड़ 63 लाख रुपए की धनराशि खर्च हो चुकी है। इन सभी परियोजनाओं पर 1 हजार 33 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत बताई गई। उन्होंने इस दौरान प्रेजेंटेशन में आई.सी.सी.सी., शक्ति कॉलोनी में निर्माणाधीन मिक्सड यूज डव्लपमेंट प्रोजेक्ट, रिडव्लपमेंट ऑफ स्पोर्टद्दस फैसिलिटी एट कर्ण स्टेडियम, कैलाश हॉकी स्टेडियम तथा सेक्टर-32 में निर्माणाधीन इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स की जानकारी दी।

आयुक्त एवं सचिव ने कहा कि परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं और समय-समय पर इनका निरीक्षण भी किया जा रहा है, यह अच्छी बात है। इसके साथ-साथ यह भी ध्यान रखना होगा कि सम्बंधित

> 8 नगर निगम से जुड़ी करोड़ों रुपए लागत की भिन्न-भिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की और फिर परियोजना स्थल का निरीक्षण कर उनकी प्रगति देखी

कॉन्ट्रैक्टर या एजेंसी की ओर से बिल सब्मिट के बाद पेमेंट की अदायगी में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। इस पर उपायुक्त ने बताया कि बिल सब्मिट के 10 दिन के बाद ही सम्बंधित को पेमेंट कर दी जाती है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने निगम के सेनीटेशन कार्यों और ठोस अपशिष्ट्द प्रबंधन संयंत्र की कारगुजारी की जानकारी दी। इस दौरान सुगम स्वच्छता एजेंसी और नगर निगम के डीएमसी व इंजीनियर शाखा के अधिकारी शामिल रहे। शहर में कूड़े-कचरे की रोजाना किस तरह से कॉलैक्शन की जा रही है, प्रेजेंटेशन में इसकी विस्तार से जानकारी दी गई। आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने डोर टू डोर सेग्रीगेशन कैसे करते हो, क्या शत प्रतिशत सैग्रीग्रेशन हो रही है और इसकी ट्रांसपोर्टेशन जैसे सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करके उसकी प्रोसेसिंग न केवल देश बल्कि विदेशों में भी सबसे अहम स्थान रखता है। शत प्रतिशत सैग्रीगेशन के बाद ही इसे सफल कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हाऊस होल्ड को पम्फलेट से अलग-अलग कूड़ा-कचरा रखने और उसे अलग-अलग ही डालने के तरीके समझाकर जागरूक करने का अच्छा तरीका है। हानिकारक और दूसरे वेस्ट कौन से हैं, इनको अलग-अलग कैसे रखें, पम्फलेट में इसकी चित्रों सहित समझाने की जानकारी होनी चाहिए। जहां सम्पन्नता होगी, वहां कूड़े-कचरे की मात्रा भी बढ़ेगी, लेकिन सारा फोकस एट सोर्स सैग्रीगेशन पर लगाएं। निगमायुक्त ने बताया कि कूड़े-कचरे को 5 पार्ट में एकत्र किया जा रहा है, टिप्परों में हरे व नीले पार्ट में गीला और सूखा तथा टिप्पर के पीछे हानिकारक वेस्ट, ई-वेस्ट, बायोमेडिकल वेस्ट को अलग-अलग बिन में इकठ्ठा किया जाता है। विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त ने आयुक्त एवं सचिव को शहर की पुरानी अनाज मंडी में बनने वाले कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स की जानकारी दी और बताया कि इस कॉम्पलैक्स में फिलहाल मिट्टी टैस्टिंग का काम पूरा हो गया है।

## आजाद सिंह को बनाया राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का वाइस चेयरमैन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने हरियाणा राज्य कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन के पद पर आयोग के पूर्व सदस्य आजाद सिंह वाल्मीकि को नियुक्त किया है। उन्होंने आज हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के कार्यालय पंचकूला में कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें कार्यभार आयोग के चेयरमैन कृष्ण कुमार ने ग्रहण करवाया। आजाद सिंह लंबे समय तक अमर उजाला सहित विभिन्न समाचार पत्रों में ब्यूरो प्रमुख तथा अन्य पदों पर रहे। राजनीति और पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने ईमानदारी और कर्मठता के साथ सादगी के सिद्धांतों को जीवन में जीया। वह मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के साथ 2013 से जुड़े हुए थे। उन्होंने राजनीति और मुख्यमंत्री के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। मुख्यमंत्री ने पहले उन्हें आयोग का सदस्य बनाया। उसके बाद कई संगठन की जिम्मेदारी दी। उल्लेखनीय है कि आजाद सिंह के पिता और माता दोनों सफाई कर्मचारी थे। अभी भी वह वाल्मीकि कालोनी में रहते हैं। अपने मनौनयन पर आजाद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष ओपी धनखड़, महामंत्री वेद पाल, सासंद संजय भाटिया, आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा सहित अन्य नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने उन्हें दी है, उसे वह पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे।

## समाज सेवा और सेहत सेवा मिली विरासत में: अनूप भारद्वाज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। समाज** सेवा धार्मिक और आयुर्वेदिक औषधि निर्माण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए स्वर्ण कार समाज और सुनार सभा द्वारा आयुर्वेदिक औषधि निमार्ता संघ के प्रदेशाध्यक्ष अनूप भारद्वाज को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह और चादर पहनाकर सम्मानित किया गया। अनूप भारद्वाज ने कहा कि आज देश के लोगों को सस्ती और दुष्प्रभाव रहित दवाओं की जरूरत हैं। देश में दवाओं पर कई लाख करोड़ रुपए खर्च होता है। अंग्रेजी दवाएं साथ में साइड इफेक्ट छोड़ जाती हैं, जबकि आयुर्वेदिक दवाएं अमृत के समान



होती हैं, जो हमें विरासत में मिली हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर एक क्लसटर बना रहे हैं। वह समाज के हर वर्ग की सेवा करना चाहते हैं। उन्हें सेवा का भाव अपने पिता और परिवार से मिला है। इस अवसर पर स्वर्णकार संघ के प्रधान बूटाराम धीर को भी सम्मानित किया गया।

सुनार सभा के प्रधान रामभज वर्मा ने बताया कि पिछले दिनों करनाल में अर्जमेर सिंह की प्रतिमा की स्थापना की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा अनूप भारद्वाज को सम्मानित करना था। इस तारतम्य में आज उन्हें सम्मनित किया गया। आयुर्वेद और सेवा के क्षेत्र में भारद्वाज को सेवा के लिए सम्मानित किया है। वह उनके पिता के भी आभारी हैं।

उन्होंने कहा कि भारद्वाज परिवार हर कार्य में आगे रहा है।

इस अवसर पर बूटा राम को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक सोहन लाल वर्मा, सलाहकार शाम लाल वर्मा, युवा उपप्रधान सौरभ धीर, उपप्रधान नहोरिया राम वर्मा, नरेश सोनी, बलवंत धीर, हरप्रीत भल्ल, मन्नत सिंह, नीरू, किरण और हिना आदि मौजूद रहे।

## शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए योग सर्वोत्तम : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के संचालक दिनेश गुलाटी ने श्री कृष्णा मंदिर सेक्टर 14 योग कक्षा में पहुंचकर सूक्ष्म योगिक व्यायाम और आसन का अभ्यास करवाया। योग द्वारा स्वस्थ भारत के उद्देश्य के साथ मिशन की सभी कक्षाओं में योग करवाया जा रहा है। आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर सवा लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत सूर्य नमस्कार का विशेष अभ्यास करवाया गया।



दिनेश गुलाटी ने बताया कि शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए योग सर्वोत्तम है। योग द्वारा शरीर के टॉक्सिंस बाहर निकलते हैं और कई बीमारियां दूर होती हैं। उन्होंने विशेष तकनीक के साथ प्राणायाम का अभ्यास करवाया। साधकों को सांसों की तकनीक बताते हुए पूरक, रेचक और कुंभक क्रिया से अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि इस तरह प्राणायाम के बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं और तनाव दूर होता है।

## जिले में मिले 7 नये कोरोना पॉजिटिव केस : डॉ. योगेश कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सिविल सर्जन** डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को जिला में कोरोना के 7 नये पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि 34 व्यक्ति ठीक हुए है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 1086420 व्यक्तियों के सैंपल लिए गए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 430 सैंपल लिए गए। लिये गए कुल सैंपलों में से अब तक 50517 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 49706 मरीज ठीक हो गए हैं। जिला में अब कोरोना वायरस के 207 एक्टिव पॉजिटिव केस हैं।

## चीनी मिल प्रबंधन ने गन्ना उत्पादकों को जारी की बची हुई सभी पर्चियां

### अब तक 29 लाख 75 हजार क्विंटल गन्ने की हो चुकी है पेराई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**चीनी मिल** सोनीपत का पेराई सत्र अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। मंगलवार को सोनीपत चीनी मिल प्रबंधन द्वारा बचे हुए पूरे गन्ने की पर्चियां गन्ना उत्पादकों को जारी कर दी गई है। गन्ना उत्पादकों से आह्वान किया गया है कि जल्द से जल्द अपने बचे हुए गन्ने को मिल में पहुंचाने का काम करे। मिल प्रशासन अप्रैल माह के अंतिम दिनों तक पेराई के काम को पूरा करने की कवायद में जुटा है। बता दे कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दि सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में वर्ष 2022-23 पेराई सत्र की शुरूआत नंवबर माह में हुई थी। मिल प्रबंधन द्वारा किसानों के साथ 36 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की थी। अब तक चीनी मिल में 29 लाख 75 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई हो चुकी है। हाल ही में हुए सर्वे के अनुसार करीब 2 लाख क्विंटल गन्ना खेतों में शेष बचा हुआ है। इसमें से कुछ गन्ना पानीपत चीनी मिल में भी पहुंचाया गया है। वहीं बचे हुए गन्ने की पर्चियां किसानों को एक साथ मिल प्रशासन ने अब जारी कर दी है, ताकि किसान जल्द से जल्द गन्ना लेकर मिल मे पहुंच सके। हालांकि किसानों को पिछले कुछ दिनों से

> 8 मिल प्रशासन अप्रैल माह के अंतिम दिनों तक पेराई के काम को पूरा करने की कवायद में जुटा

श्रमिकों की कमी झेलनी पड़ रही है। जिसके कारण अपेक्षाकृत कम मात्रा में गन्ना मिल में पहुंच रहा है।

चीनी का उत्पादक करके मनाया रिकार्ड, गत वर्ष के पेराई सत्र में हुआ था कम उत्पादन-

चीनी मिल मौजूदा पेराई सत्र में पिछले साल की अपेक्षा अधिक चीनी का उत्पादन किया है। गत वर्ष चीनी में 23 अप्रैल तक 2 लाख 44 हजार 750 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया था। जबकि मौजूदा पेराई सत्र में 2 लाख 94 हजार 900 क्विंटल चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। सोनीपत चीनी मिल इस बार 87.2 प्रतिशत क्षमता के साथ काम कर रहा है। जबकि गत पेराई सत्र में महज 72.05 प्रतिशत क्षमता के साथ मिल ने काम किया था। सोनीपत चीनी मिल की रिकवरी रेट भी इस बार पिछले पेराई सत्र से बेहतर है। मौजूदा समय में रिकवरी रेट 10.16 प्रतिशत बनी हुई है, जबकि गत पेराई सत्र में सोनीपत शूगर मिल की रिकवरी रेट 9.66 प्रतिशत बनी हुई थी।

## सीनियर सिटीजन सुख-दुख मिलकर बांटते हैं : गिरधर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीनियर** सिटीजन डे केयर सेंटर सैक्टर छह पिछले तीन सालों से सीनियर सिटीजन को तनावमुक्त जीवन दे रहा हैं। डे केयर सैंटर में बुजुर्ग आकर एक-दूसरे के सुख-दुख को सांझा करते हैं। एक दूसरे का जन्म दिन हो या शादी की सालगिरह या फिर कोई पर्व, सभी मिलकर मनाते हैं। इनका अलग से ग्रुप भी है, जिसके माध्यम से ये एक-दूसरे का सुख और दुख बांटते हैं। इनका उद्देश्य हैं कि जीवन के संध्याकाल में जीने की आशा को सशक्त बनाना है। सीनियर सिटीजन डे केयर सैंटर



सभा के प्रधान विश्वामित्र धवन, ओहरी, महासचिव मदनमोहन गिरधर तथा अवतार सिंह तारी ने बताया कि आज सैंटर में कोषाध्यक्ष विष्णु शर्मा का जन्मदिन सभी ने मिलकर मनाया। पहले उन्हें भगवान का पूजन कर आशीर्वाद दिलाया। फिर सभी ने जन्मदिन केक काटकर उन्हें पुष्प देकर शुभ कामनाएं दी।

इस अवसर पर सीनियर सिटीजन हरी नारायण शर्मा, एसी पुरी ने गीत गाकर मनोररंजन किया। कार्यक्रम में कविताएं और चुटकुले प्रस्तुत किए गए। डेकेयर सैंटर के प्रबंधन ने बताया कि उनके साठ सदस्य हैं। सभी मिल कर गुरुपर्व, होली, दीपावली, मनाते हैं। स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस के साथ नया साल मनाते हैं। तनाव की दुनिया में तनावमुक्त रहना भी इस सैंटर का प्रयास रहता है। इस अवसर पर प्रवीण सचदेवा, दर्शन लाल गुप्ता, अशोक महेंद्रू, सुभाष, एमएल अरोड़ा, एसी पुरी, चेतराम, खेड़ा, जोली, रामपाल, अशोक बठला उपस्थित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय गेट पर दो गुट आपस में भिड़े

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पंडित चिरंजीलाल शर्मा कॉलेज के बाहर छात्रों के दो गुट आमने-सामने हो गए। करीब 15 से 20 युवकों में लाठी-डंडे और तलवारें चली। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना के प्रभारी ललित कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस के आने की भनक लगते ही सभी वहां से फरार हो गए। कॉलेज में लगे सीसी टीवी कैमरे चेक किए जा रहे हैं। साथ ही कॉलेज परिसर और बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई है। बता दें कि इसी कॉलेज में 20 दिन पहले छात्र संघ के चुनाव की अफवाह पर 2 गुटों में झगडा हुआ था। इस दौरान एक युवक ने कॉलेज के गेट पर पुलिस के सामने ही फायरिंग की थी और फरार हो गया था। पुलिस ने उस दौरान कॉलेज के अंदर झाडि?ों में धारदार हथियार और लाठी-डंडे भी बरामद किए थे। बीती 5 अप्रैल को हुए इस झगड़े में पुलिस ने करीब 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसमें से कुछ आरोपी अभी जमानत पर बाहर आए हुए है। सूत्रों की माने तो पहले जो झगड़ा हुआ था उसी मामले को लेकर आज दोबारा दोनों गुटों में झगडा हुआ है।

सैक्टर-13 पुलिस चौंकी इंचार्ज जसविंद्र कौर ने बताया कि पुलिस कॉलेज में लगे सीसी टीवी कैमरे खंगाल रही है।

## आंगनबाड़ी वर्करों ने मांगों को लेकर किया जोरदार प्रदर्शन

### सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**करनाल** में आंगनबाड़ी और हेल्पर वर्कर यूनियन ने ग्रेच्युटी और अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में जिलेभर की आंगनवाड़ी वर्कर एकत्रित हुई और नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। इसके बाद वह लघु सचिवालय पहुंची और प्रशासनिक अधिकारी को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुशील गुर्जर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 25 अप्रैल 2022 को आंगनवाड़ी एंव हेल्पर को ग्रेच्युटी दिए जाने पर निर्णय लेते हुए फैसला सुनाया था, लेकिन सरकार



ने अभी तक इसे लागू नहीं किया, जिसके विरोध में आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर वर्कर यूनियन द्वारा पूरे प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा अन्य मांगों को लेकर आंगनवाड़ी वर्करों ने अपना रोष दर्ज करवाया है। यदि सरकार ने जल्द ही इसमें कोई कदम नहीं उठाया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। आंगनबाड़ी एंव हेल्पर वर्कर यूनियन की जिला सचिव बिजनेश राणा ने कहा कि आंगनबाडी एंव हेल्पर वर्कर पिछले काफी समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहीं। ग्रेच्युटी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया था, उसे भी एक साल हो चुका है, लेकिन सरकार ने इसमें अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। यदि सरकार ने इसमें जल्द कोई फैसला नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदेशभर में आंगनबाडी व हेल्पर वर्कर यूनियन की मांगों में आंगनवाड़ी केन्द्रों में खाना बनाने के लिए गैस सिलेंडर दिया जाएं। सभी ब्लाकों से जिन हैल्परों की प्रमोशन की प्रार्थना आई हुई है उनकी तुरन्त प्रमोशन करें, खाली पड़े पदों पर वर्करों, हैल्परों की भर्ती की जाए।

# शालीमार बाग अंडरपास में गंदगी होने से लोग परेशान






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में कई ऐसे अंडरपास है, जिसमें गंदगी होने की वजह से वहां से गुजरने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित विभाग को अंडरपास में जो भी समस्याएं है। उसके समाधान पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए, जिससे की यहां से गुजरने वाले लोग परेशान न हो।

**अंडरपास में जगह-जगह हैं गंदगी का माहौलः** अंडरपास में जगह-जगह गंदगी होने से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग इस अंडरपास में स्वच्छता अभियान नहीं चला रहा है, जिसके चलते लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

**आजादपुर मंडी के पास मुख्य द्वार पर भी है गंदगी का माहौलः** अगर आप आजादपुर मंडी से शालीमार बाग की ओर से जाते है तो आपको अंडरपास के मुख्य द्वार पर ही गंदगी का ढ़ेर मिल जायेगा। सत्यपाल शर्मा ने कहा कि यहां पर विभागीय लापरवाही के चले स्वच्छता अभियान फेल होता हुआ नजर आ रहा है।

**कब होगा समस्या का समाधानः** स्थानीय निवासियों ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि शालीमार बाग अंडरपास में जो भी समस्याएं है, उसका जल्द से जल्द समाधान किया जाये।

# दयानंद ने बसों का अनुबंध आखिरी बार तीन महीने और आगे बढ़ाने की मांग की

**अनुबंध पहले भी तीन बार बढाया गया है, एक आखिरी बार और बढ़ाया जाए : वत्स**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दैनिक** यात्री कल्याण समिति दिल्ली के अध्यक्ष दयानंद वत्स ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलौत को ट्वीट कर उनसे सुनहरी पूला, बंदा बहादुर मार्ग और कंझावला के उन तीन कलस्टर बस डिपो की बसों का अनुबंध विशेष परिस्थितियों में आखिरी बार तीन महीने और आगे बढाने की मांग की है जिनका करार दिल्ली सरकार ने खत्म कर दिया है। वत्स ने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में तीन सौ बसों का सड़कों से हट जाना दिल्ली के दैनिक यात्रियों के लिए भारी परेशानी भरा होगा। वैसे भी दिल्ली सरकार का कहना है कि नई अनुबंधित कलस्टर बसें आगामी तीन महीनों में आ जाएंगी। ऐसे में तब तक विशेष परिस्थितियों में तीनों कलस्टर बस डिपो की बसों का अनुबंध तीन महीने तक आखिरी बार बढ़ा दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि इससे बेरोजगार हुए स्टाफ और दैनिक यात्रियों दोनों को राहत मिलेगी। अनुबंध पहले भी तीन बार बढाया गया है एक आखिरी बार और बढाया जाए।

# प्रदर्शनी में फोटो पत्रकारों के सर्वश्रेष्ठ काम को किया गया प्रदर्शित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वर्किंग** न्यूज कैमरामेन एसोसिएशन 21 अप्रैल से मई 2023 तक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, लोदी रोड, नई दिल्ली में द बिग पिक्चर नामक प्रदर्शनी में भारतीय फोटो पत्रकारों के सर्वश्रेष्ठ काम को प्रदर्शित कर रहा है।

आकाश हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष चौधरी ने 2022 में विभिन्न प्रकार की समाचार घटनाओं को दशार्ने वाली फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में एक फोटो पत्रकार की सतर्क निगाहों से भारत की यात्रा को दशार्या गया है।

इसमें बड़ी राजनीतिक खबरें, वन्य जीवन, प्राकृतिक आपदाएं, कोविड महामारी जीवन, व्यक्तित्व और बहुत कुछ शामिल हैं।




डॉ. चौधरी ने प्रदर्शनी को बहुत बारीकी से देखा और उपस्थित फोटो पत्रकारों से बातचीत की। चिकित्सा बिरादरी से होने के कारण वह विशेष रूप से कोविड महामारी से संबंधित तस्वीरों से प्रभावित हुए। 'कोविद महामारी से संबंधित सभी तस्वीरों को देखना एक बहुत ही शानदार अनुभव था। प्रदर्शनी में फोटो पत्रकारों का अपने काम के प्रति समर्पण भी दिखता है। मुझे लगता है कि प्रत्येक व्यक्ति जो उस वास्तविक भारत को करीब से देखना चाहता है।

जिसमें हम रहते हैं, उसे इस प्रदर्शनी में अवश्य आना चाहिए।

डॉ. चौधरी ने फोटोग्राफरों के काम की सराहना करते हुए कि डॉ आशीष ने धन्यवाद के प्रतीक के रूप में डॉक्टरों और सहयोगी कर्मचारियों द्वारा ली गई तस्वीरों का संकलन प्रस्तुत किया।

# कवि सुलोचना वर्मा को मिला शीला सिद्धांतकर स्मृति सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गांधी** शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली के सभागार में दिवंगत क्रांतिकारी कवि शीला सिद्धांतकर स्मृति सम्मान 2022 के लिए राग-विराग एजुकेशनल एवं कल्चरल सोसायटी ने वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफेसर नित्यानंद तिवारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा युवा कवि सुलोचना वर्मा के काव्य संग्रह 'बचे रहने का अभिनय' का चयन कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर नित्यानंद तिवारी ने करते हुए कहा कि सुलोचना वर्मा की कविताएं स्वर्गीय क्रांतिकारी कवि शीला सिद्धांतकर के विचारों की कड़ी में जुड़ी हुई हैं। इनके लेखन में वर्चस्ववाद की जगह




विविधताओं का उल्लेख है, जो सभी स्त्री समाज एवं शोषित उत्पीड़ित समाज की आवाज को उकेरता है। इसलिए यह पुरस्कार के योग्य पाई गई। साथ ही उन्हें पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके लेखन को लगातार आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर देशज समकालीन पत्रिका का विमोचन भी किया गया। अन्य वक्ताओं में मुख्य अतिथि के बतौर वरिष्ठ कथाकार नासिरा शर्मा तथा विशिष्ट समालोचक प्रोफेसर रोहिणी अग्रवाल एवं राग विराग संस्था के प्रतिनिधि, साहित्यकार क्रांतिकारी कवि शिवमंगल सिद्धांतकर शामिल रहे। साथ ही यह भी चिन्हित किया कि इस पुरस्कार हेतु सुलोचना वर्मा का यह काव्य संग्रह 'बचे रहने का अभिनय' का चयन निःसंदेह क्रांतिकारी कवि शीला सिद्धांतकर के स्त्री समाज एवं दलित शोषित समाज का प्रतिनिधित्व करती हुई कविताओं की श्रृंखला को और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर कॉमरेड नरेंद्र , मदन राय, कॉमरेड श्रीनाथ सुप्रीम कोर्ट के वकील अरुण मांझी, कलमकार राज व्रत, कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान चंद बागड़ी, आशुतोष राय, आलोचक ज्योतिष जोशी, लीना मलहोत्रा, विमल कुमार, सौरभ सिंह क्रांतिकारी, शशी शर्मा, पूनम अरोड़ा, रूपा सिंह, शोभा अक्षरा, सदानन्द, पी के शाही, रमेश समर्पित, बी एस गहलौत, सरोज मौजूद रहे।

# गरीबों, असहायों और वंचितों की सभी करें मदद: संजय प्रधान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
बादली विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी संजय प्रधान ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए, जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। संजय प्रधान ने कहा कि सेवा हमेशा ही निःस्वार्थ भाव से करनी चाहिए, सेवा के अन्दर स्वार्थ की भावना बिल्कुल भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान करना भी प्रकार से पुण्य का कार्य



है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों की भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है।



जहांगीरपुरी वार्ड में क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, लख्मी पाल व अन्य लोग।

# पेड़-पौधे लगाने से क्षेत्र में बनी रहती है हरियाली: ढ़िकोलिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ऑल** इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ने भाई ढिकोलिया ने बताया कि हमारे जीवन में पेड़-पौधों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी को पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से जहां हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, वहीं इससे क्षेत्र में हरियाली भी बनी रहती है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि पौधा रोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगना चाहिए और उस पौधे की रक्षा



ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए जिस प्रकार से हम अपने बच्चों की रक्षा करते है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है, हम अधिक से अधिक पौधे लगाये।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

# वजीरपुर गांव: धूमधाम से मनाया गया भारत महार का जन्मदिन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के दिल्ली प्रदेश यूथ अध्यक्ष भारत महार का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। भारत महार को दिल्ली के कई संगठनों और यूनियनों की तरफ से जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर परिवार के लोगों ने भी उनका केककाट जन्मदिन मनाया और उनको आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जसविंदर महार, कृष्ण महार, सन्नी महार, प्रदीप महार, दीपक वैध, आशीष मेहरोलिया, जोगेन्दर महार, ध्रुव महार सहित कई गणमान्य लोगों ने भारत महार को जन्मदिन की बधाई दी।इस मौके पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के दिल्ली प्रदेश यूथ अध्यक्ष भारत महार ने बताया कि जिन सम्मानित लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है। मैं उन सभी लोगों का तहेदिल से बधाई देता हूं।

# केजरीवाल के मुख से उठ गया हैं नकाब: रामवीर सिंह बिधूड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एक पत्रकार सम्मेलन में कहा है कि एक निजी चैनल के ऑपरेशन 'शीशमहल' ने मुख्यमंत्री के मुख से नकाब उठा दिया है। देश के सामने सादगी और ईमानदारी का मुखौटा पहनकर उन्होंने जिस तरह का आडम्बर रचा था, उसका भांडा बीच चौराहे पर फूट गया है। केजरीवाल पर शराब घोटाले समेत भ्रष्टाचार के दर्जनों आरोप तो लग चुके हैं लेकिन अब उनकी सादगी और ईमानदारी से नकाब पूरी तरह उठ गया है। ऐसी हालत में अगर उनमें जरा भी शर्म और हया बची है तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। एक विलासी राजा के रूप



में उन्होंने बड़ी बेरहमी से दिल्ली के खजाने पर डाका डाला है। सम्मेलन में विधायक जितेन्द्र महाजन एवं प्रवक्ता हरीश खुराना उपस्थित थे।

श्री बिधूड़ी ने कहा कि अब कोई भी सफाई या स्पष्टीकरण केजरीवाल का पक्ष साफ नहीं कर सकता। अपने बंगले को सिर्फ चमकाने के लिए उन्होंने दिल्ली की जनता की खून-पसीने की कमाई का 45 करोड़ रुपए लुटा दिया। साधारण शर्ट और पैंट पहनकर, 7 रुपए वाला पैन जेब में रखकर, बड़े समारोहों में भी हवाई चप्पल पहनकर पहुंचने का आडम्बर और पाखंड रचने वाले केजरीवाल के पास अब कहने को कोई शब्द ही नहीं हैं। केजरीवाल ने कहा था कि मैं कोई बंगला, गाड़ी, सिक्योरिटी और तामझाम नहीं लूंगा, मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने ये सारी सुविधाएं हासिल कीं। वह सादगी की दावा करते हुए राजनीति में आए थे। पहली बार सीएम की शपथ लेने के लिए मेट्रो में आए थे।

# विधायक पंवार ने निकाय मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र** पंवार ने एडीसी कार्यालय में आयोजित बैठक में पहुंचे शहरी स्थानीय एवं निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता को एक मांग पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने नगर निगम सोनीपत द्वारा दर्शाई गई अवैध कॉलोनियों को वैध करने व धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं को कलेक्टर रेट पर जमीन मुहैया करवाने की मांग की है।




विधायक सुरेंद्र पंवार ने दिये मांग पत्र में मंत्री का ध्यान नगर निगम द्वारा दर्शाई गई अवैध कालोनियों को वैध करने व धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को जमीन मुहैया करवाने की तरफ दिलवाया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर के अधिकांश वार्डों में कालोनियों को अवैध दशार्या गया है, जबकि उन्हें बसे काफी वर्ष हो गए है, लेकिन अभी भी मूलभुत सुविधाओं से वंचित है, यह कहकर विकास कार्य नहीं किए जाते है कि आपकी कालोनी अवैध है, जबकि वह हाऊस टैक्स, बिजली बिल भी अदा कर रहे है। उन्होंने कहा कि सोनीपत विधानसभा के प्रत्येक वार्ड में बनी कालोनियों को वैध किया जाए, ताकि विकास कार्य शुरू हो सकें। इसके साथ ही सोनीपत विधानसभा में जैसे गढी घसीटा सहित कुछ अन्य ऐसे क्षेत्र है जहां पर लोग 50 साल से अधिक समय से रह रहे है, लेकिन उन्हें मालिकाना हक नहीं मिला है, उन्हें भी मालिकाना हक दिया जाए।

**8 अवैध कॉलोनियों को वैध करने व धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं को कलेक्टर रेट पर जमीन मुहैया करवाने की मांग की है**

उन्होंने कहा कि सोनीपत में दर्जनभर से अधिक मुख्य धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं है, जो दिनभर समाज कल्याण के कार्य करते रहते है। लेकिन उक्त संस्थाओं के पास अपना भवन बनाने के लिए जमीन नहीं है, जिसकी वजह वह समाज सेवा के कार्य करने में पूर्ण रूप से सक्षम नहीं है। यदि सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पास अपनी जमीन हो तो वह अपना भवन बनाकर धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अधिक बढचढ़ कर योगदान दे सकते है। नगर निगम सोनीपत के पास काफी संख्या में जमीन है, जो खाली पड़ी है। उक्त जमीन में से एक स्थान निधार्रित करके धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं को कलैक्टर रेट पर जमीन मुहैया करवाई जाए, ताकि नगर निगम के माध्यम से समाज हित में कार्य हो सकें। इसके साथ ही विधायक सुरेंद्र पंवार ने समीक्षा बैठक में शहर में सफाई व्यवस्था, सौन्दर्यकर्ण, प्रोपर्टी टेक्स, प्रोपर्टी आईडी, पेयजल, खस्ता हालत सड़को को बनवाने सहित अन्य मुद्दे प्रमुखता के साथ रखे।

# मलेरिया की रोकथाम व उन्मूलन के प्रति आम जन में जागरूकता जरूरी : सुधीर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक पोस्टर बनाकर मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम व उन्मूलन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने विधार्थियों से कहा कि वे स्वयं मलेरिया से बचाव को लेकर सावधानी बरते और अपने परिवार व पड़ोसियों को भी जागरूक करें । इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने देश को मलेरिया के डंक से मुक्त करने में अपना अहम योगदान देने का संकल्प लिया । मलेरिया से बचाव के लिए कोऑर्डिनेटर मंजू प्रभाकर, अध्यापिका कविता, दिव्या, कौमिला, नीरू आदि ने भी अपने विचार रखे।

स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि मलेरिया रोग के खतरे व इससे बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया जाता है। मलेरिया रोग को नियंत्रित करने संबंधी उपायों के प्रति आम लोगों को जागरूक करना इस विशेष दिवस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में भारत में मलेरिया से होने वाली मौतों में काफी कमी दर्ज की गई है । उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छता एवं सजगता के साथ मलेरिया को हराया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक परिवार मलेरिया के संक्रमण को रोकने में योगदान देना होगा। सीईओ संजय जैन ने बच्चों से कहा कि वे घर के आसपास गंदगी व जल जमाव नहीं होने दें। इसके साथ ही मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें । छात्रा भूमि, भूमिका , योगिता, दिशा, सिमरन, नैंसी, जया, अंजलि, आरुषि आदि ने अपने पोस्टर के माध्यम से बताया कि मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया आदि से बचने के लिए सबसे पहले महत्वपूर्ण कार्य है कि हम मच्छर को पैदा ही न होने दें। सप्ताह में एक बार टंकियों, कूलरों, गमलों आदि को साफ अवश्य करें। प्राचार्या रिचा चावला ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया । मलेरिया के लक्षण तथा बचाव की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मलेरिया ज्यादातर कुछ संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छरों के काटने से लोगों में फैलता है । मलेरिया के सबसे आम शुरूआती लक्षण बुखार, सिरदर्द और ठंड लगना है। उन्होंने बताया कि इसके बचाव के लिए घरों के आसपास साफ सफाई रखना बहुत आवश्यक है। मलेरिया से बचने के लिए उन कपड़ों का उपयोग करें जो शरीर के अधिकांश हिस्से को ढक सके।

## न्यूज फ्लैश

### मदरहुड अस्पताल भारत भर में वर्चुअल नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट नेटवर्क लॉन्च करने में प्रथम

**हिसार :** भारत में महिलाओं और बच्चों के अस्पतालों का अग्रणी नेटवर्क, मदरहुड अस्पताल, जो 10 शहरों में 21 अस्पतालों का संचालन करता है, ने नर्सिंग होम और अस्पतालों में भर्ती नवजात शिशुओं को वर्चुअल जीवन रक्षक नवजात देखभाल प्रदान करने के लिए एक अभिनव दूरस्थ रोगी निगरानी तकनीक और प्रणाली लागू की है। अर्द्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उचित नवजात गहन देखभाल इकाइयां (एनआईसीयू) नहीं हैं।नवजात देखभाल जो नवजात शिशुओं को जीवन रक्षक नैदानिक देखभाल प्रदान करती है, स्वास्थ्य देखभाल और मातृत्व अस्पतालों में सबसे अधिक मांग वाली सेवाओं में से एक मानी जाती है। और वर्चुअल नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट्स का एक नेटवर्क बनाते हुए कई स्थानों पर नर्सें। अत्याधुनिक रिमोट मॉनिटरिंग तकनीक के साथ, दूरदराज के क्षेत्रों में गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं को चौबीसों घंटे मातृत्व की नियोनेटोलॉजी केयर टीम की विशेषज्ञता तक पहुंच प्राप्त हो सकती है। कई बर्थिंग सुविधाओं में ऑन-साइट नवजात देखभाल तक पहुंच नहीं है और एनआईसीयू लाइव समाधान समय से पहले नवजात शिशुओं या गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के लिए इस महत्वपूर्ण अंतर को पाटता है।एनआईसीयू लाइव दूरस्थ एनआईसीयू में भर्ती उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं के इलाज के लिए नवीनतम रिमोट मॉनिटरिंग तकनीक और एक विशेष डिजिटल समाधान का उपयोग करता है। इस अनूठी पहल के पहले चरण में मदरहुड हॉस्पिटल्स ने एक सेंट्रल केयर सेंटर (हब) स्थापित किया है जो अनंतपुर, हिंदूपुर, मदनपल्ले, पटना और हिसार में स्थित 5 दूरस्थ एनआईसीयू से जुड़ा है। हब-एंड-स्पोक मॉडल पूर्णकालिक रोगी प्रबंधन और निरंतर चिकित्सा सहायता के आसपास केंद्रित है। सेंट्रल केयर टीम (हब) दूरस्थ एनआईसीयू (स्पोक) केंद्रों को हाई-रिजॉल्यूशन पीटीजेड कैमरों का उपयोग करके 24/7 निगरानी और उपचार सहायता प्रदान करती है जो लाइव वीडियो फीड प्रदान करती है, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जो सभी महत्वपूर्ण जानकारी को डिजिटल रूप से साझा करना सुनिश्चित करता है, और ए टीमों के बीच निरंतर संचार लिंक, जिससे इन नवजात शिशुओं के लिए चिकित्सा परिणामों में काफी सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त, नियोनेटोलॉजिस्ट और एनआईसीयू नर्सों की अनुभवी टीम एनआईसीयू उपचार के तौर-तरीकों पर स्पोक सेंटर केयर टीम को नियमित एडवांस स्किल्स और प्रशिक्षण प्रदान करती है।मदरहुड हॉस्पिटल्स के सीईओ श्री विजयरत्ना वेंकटरमन ने कहा, "अत्याधुनिक नवजात समाधान में मदरहुड सबसे आगे रहा है। हमने अपने नेटवर्क में 300 एनआईसीयू बिस्तर स्थापित किए हैं जो हर महीने 800 से अधिक नवजात शिशुओं की देखभाल के लिये आवश्यक हैं। मदरहुड हॉस्पिटल्स में नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रताप चंद्रा ने कहा, ह्लएनआईसीयू लाइव के साथ, अब हम अस्पताल में कम समय तक रहने, गंभीर मामलों से निपटने की बेहतर क्षमता और सुखद परिणामों की उम्मीद कर सकते हैं। क्लिनिकल दृष्टिकोण से, पायलट प्रोग्राम एक रहस्योद्घाटन रहा है: हम प्रवेश से लेकर डिस्चार्ज तक पूरी प्रक्रिया को सरल बनाने में सक्षम हैं। एनआईसीयू लाइव के सक्रिय हस्तक्षेप और निर्देशित आपातकालीन प्रबंधन एक बार जब हम अधिक अस्पतालों को कार्यक्रम में लाएंगे तो नवजात देखभाल में मानदंड स्थापित करेंगे।

### डायलिसिस पर रहने की बजाय, किडनी ट्रांसप्लांट ज्यादा बेहतर उपचार

**रोहतक :** किडनी खराब होने पर जीवन भर डायलिसिस पर रहने की बजाय, किडनी ट्रांसप्लांट ज्यादा बेहतर उपचार है। अगर आपको क्रोनिक किडनी डिजीज या एंड-स्टेज रीनल डिजीज है तो किडनी ट्रांसप्लांट आशा की किरण बन आपके जीवन की मोहलत और बढ़ाकर बेहतर जीवन जीने में मदद कर सकता है। डायलिसिस की तुलना में, किडनी ट्रांसप्लांट जीवन की गुणवत्ता को बढ़ता है, मृत्यु का जोखिम भी कम करता है, साथ ही आपके खानपान पर कम से कम रोक लगाता है। इतना ही नहीं इसके उपचार में खर्चा भी कम होता है। डॉ. आशीष नंदवानी, सलाहकार नेफ्रोलॉजिस्ट, एचसीएमसीटी मणिपाल अस्पताल, दिल्ली नियमित रूप से ओपीडी के लिए रोहतक आते हैं। वह 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच एपेक्स एंड होली हार्ट अस्पताल में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।दिल्ली स्थित एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल्स के कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष नंदवानी हमें बताते हैं ह्लकिडनी ट्रांसप्लांट के बाद एहतियात बरतने वाले उपाय जिन्हे जरूर लागू करना चाहिए।दवाएँ लेना: हर दिन अपनी दवाएँ लेना सुनिश्चित करें। भले ही आपको ऐसा लगे कि आपकी ट्रांसप्लांटेड किडनी अच्छी तरह से काम कर रही है, आप कितना भी अच्छा महसूस कर रहे हो, इसके बावजूद अपनी एंटी-रिजेक्शन दवा लेते रहें। संक्रमण: आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटी-रिजेक्शन दवाओं के साथ समझौता करना पड़ सकता है। ये दवाइयां शरीर को अपनी ट्रांसप्लांट किडनी को रिजेक्ट करने से रोकने में मदद तो करती हैं, साथ ही आपको वायरल के प्रति अधिक संवेदनशील भी बना देती है। आपके शरीर का ज्यादातर संक्रमित होने का खतरा भी बना रहता है।

# ब्रह्मकुमारीज ने कल्पना चावला में वाई-20 प्रोग्राम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय #16 कंच घर अंबाला सिटी की ओर से 24 अप्रैल को कल्पना चावला गर्ल्स पॉलिटेक्निक कॉलेज में वाई-20 का प्रोग्राम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर कुलविंदर सिंह रिटायर डायरेक्टर ऑफ फॉरेंसिक साइंस डिपार्टमेंट हरियाणा के रहे। प्रोग्राम शुभ आरंभ दीप प्रज्वलन से किया। इस प्रोग्राम में ब्रह्माकुमारीज के यूथ विंग के जोनल कोऑर्डिनेटर ब्रह्मा कुमार अरुण भाई जी ने हेल्थ,



वेलबेइंग और स्पोर्ट्स के विषय में बहुत स्पष्टीकरण दिया और कहा हेल्थ से ज्यादा आज मेंटल हेल्थ की जरूरत है, उन्होंने हेल्थ में फिजिकल के साथ मेंटली,सोशल और स्प्रिचुअल हेल्थ पर भी ध्यान देने के लिए बताया और साथ ही सभी बच्चों से प्रतिज्ञा भी करवाई। स्पोर्ट्स में भी हमें अपना लक्ष्य रखना होता है जो स्पोर्ट्स को महत्व देता है वह अपनी लाइफ में कभी थकता नहीं है इसके लिए हमें अपनी मेंटल हेल्थ को बहुत अच्छा रखना होगा और साथ-साथ मेडिटेशन भी करना होगा। इसके बाद पैनल डिस्कशन हुआ और इस पैनल डिस्कशन में एमबीबीएस डॉ.अभिलक्ष्य जोकि हीलिंग टच हॉस्पिटल से पधारे थे और साथ ही स्पोर्ट्स पर्सन मैडम रंजू अग्रवाल ने पार्टिसिपेशन किया। बच्चों ने इस पैनल डिस्कशन में अपने प्रश्न सभी के समक्ष रखें और सभी ने बच्चों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

# मीठापुर इंजीनियरिंग कॉलेज के 10 छात्रों को कंपनियों ने चुना

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च मीठापुर में अलग-अलग स्ट्रीम्स में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे 2023 पास आउट बैच के 10 छात्रों क्रमशः सृष्टि वर्मा को एच एंड आर ब्लॉक, त्रिवेंदरम में, अनुभव को ओपन एक्सेस टेक्नोलॉजी इंडिया, मोहाली में, पंकज को एडवांस्ड माइक्रोडिवाइसिस प्राइवेट लिमिटेड, अम्बाला में, पारस दत्तेरा को माजे अंडरराइटिंग सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड में, साक्षी शर्मा को सेर्टिजो इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में, नवप्रीत सिंह को नेवरिओ टेक्नोलॉजी सर्विसेस, जीरकपुर व महेषु इंटरप्राइजेज, रोहतक में, हर्ष शर्मा को लोजीसीस टेक्नो सोल्यूशन्स में, मुस्कान गोयल और आरजू शर्मा को ओमनीनोस टेक्नोलॉजीज इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, मोहाली में तथा परमजीत सिंह को सील्ड एनर्जी सिस्टम , अम्बाला में विभिन्न कार्यक्षेत्रों के लिए चुना गया है ।
कॉलेज के डायरेक्टर डॉ आशावंत गुप्ता, प्रिंसिपल डॉ कमल कुमार शर्मा, डीन ऐकडेमिक अफेयर्स डॉ मुकेश कुमार, रजिस्ट्रार ग्रुप कैप्टेन सी एस शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर अजय पाल सिंह तथा सम्बंधित विभागाध्यक्षों ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी ।

# शंकराचार्य जयन्ती के पावन अवसर पर विशेष संगोष्ठी कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला (मनीष कुमार) श्री कबीर** जन कल्याण सेवाश्रम,नगर खेड़ा मोती नगर मे आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज की अध्यक्षता मे श्री सनातन पूजा समिति अंबाला शहर के तत्वावधान मे आज भगवान शंकराचार्य जयन्ती के पावन अवसर पर विशेष संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम के पूर्व पण्डित रविन्द्र नाथ तिवारी ने मंत्रोच्चारण कर गुरु पाद पूजा सम्पन्न करायेपश्चात भक्तों ने श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय सस्वर पाठ किये। इस अवसर पर आचार्य सनातन चैतन्य जी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की इस धरती



मे जब-जब वैदिक सनातन धर्म को दबाने या मिटाने का विधर्मियों ने प्रयास किया तब-तब कोई न कोई भगवान के प्रतिनिधि स्वरूप महापुरुष का अवतरण हुआ है इसी क्रम मे आज से लगभग बारह सौ पैंतीस वर्ष पूर्व बैशाख शुक्ल पंचमी तिथि को केरल के कारडी ग्राम मे एक नंबूदरी ब्राम्हण दम्पति के यहाँ भगवान शंकराचार्य जी का जन्म हुआशंकराचार्य अपने माता पिता के इकलौते सन्तान थेवैराग्य मूर्ति भगवान शंकराचार्य एक अद्भुत सन्यासी थेसात वर्ष की आयु मे ही अपनी माता जी से अनुमति लेकर गृह त्याग दिये।

# योगा फेडरेशन ने प्रेममंदिर और महेश नगर में क्लास शुरू की

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)**
**फेडरेशन** के सचिव पंकज बख्शी ने बताया है प्रेम मंदिर में चल रही क्लास में इर्द-गिर्द लगते मच्छी मोहला, कच्चा बाजार, बकरा मार्केट मोची मंडी, सदर बाजार तक के लोग जाकर योग का लाभ ले सकते हैं। प्रेम मंदिर मैं योगा फेडरेशन की शिकक्षा अंजलि योगा कराती है जो योगा में स्नातकोत्तर है। इसी प्रकार महेश नगर के मतीदास नगर के शिव मंदिर में बी क्लास खोली गई है उसके इर्द-गिर्द लगती कॉलोनियों के लोग सुबह शाम इस योग कक्षा का फायदा उठा सकेंगे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रंगिया मंडी राजकीय विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**विश्व** मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अम्बाला छावनी की रंगिया मंडी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें डॉक्टर जितेंद्र ने स्कूली बच्चों व अध्यापकों को मलेरिया के लक्षण तथा मलेरिया से बचाव के उपाय बताएं उन्होंने बताया की विश्व मलेरिया दिवस, मलेरिया को कंट्रोल करने और अंततः जड़ से खत्म करने के वैश्विक प्रयास के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 25 अप्रैल को आयोजित किया



जाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपने घरों के आसपास सफाई रखें तथा पानी जमा न होने दे उन्होने कहा कि गंदे पानी में मलेरिया के मच्छर पैदा होते हैं। उन्होने कहा कि भारत में प्रत्येक वर्ष अनेक लोगों की मौत मलेरिया के कारण होती है। जिनमें से अधिकतर कम आयु के बच्चे होते है। ओ ब्लड ग्रुप वालों को मच्छर अधिक काटते है जबकि ए ब्लड ग्रुप वाले व्यक्तियों को मच्छर कम काटते हैं।
उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मलेरिया की रोकथाम के लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य कर्मचारी जांच भी करते हैं। स्कूल के प्राचार्या योग राज शर्मा ने बताया कि आज उनके विद्यालय में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया तथा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि उन्हें घर के आसपास सफाई रखें उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा आज यहां पर बच्चों को जागरूक करते हुए मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए।

# अध्यापक नेता सतबीर नरवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर लगाय रक्तदान



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**गाँव** बपदा मे सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया व समस्त नरवाल परिवार की तरफ से अध्यापक नेता सतबीर नरवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सबसे पहले परिवारिक सदस्यों चौधरी राम स्वरूप,मदन पाल, ओम प्रकाश,संदीप नरवाल, मनदीप,नसीब, मनीष प्रिंस द्वारा स्वर्गीय सतबीर नरवाल के चित्र पर फूलमाला अर्पित की गई और उनके द्वारा किए गए कार्य याद किए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के खण्ड कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सैनी ने बताया की स्वर्गीय सतबीर नरवाल एक बहुत ही कर्मठ होनहार अध्यापक नेता रहे है वे हमेशा अध्यापन ओर अध्यापक के हितों के लिए संघर्ष करते रहे है आज वो हमारे बीच नही है लेकिन उनके द्वारा किए हुए कार्य आज भी हमारे प्रेरणास्त्रोत है उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर आज सेवा ट्रस्ट यूके भारत व नरवाल परिवार की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो की एक बहुत ही नेक कार्य है।
उन्होंने बताया कि रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। संस्था की तरफ से संदीप कुमार ने बताया कि रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। नरवाल परिवार की तरफ से उपस्थित युवाओं को आह्वान किया गया कि युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए । हर 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के व्यक्ति तीन महीने बाद रक्तदान कर सकते हैं, इस से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने मौजूद सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद किया ओर संस्था की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को रियल जूस भेंट किए गए। शिविर में कुल 57 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ ।इस अवसर पर रक्त संग्रहण टीम पार्थ ब्लड बैंक कुरुक्षेत्र से संजीव, प्रदीप, प्रिया, मोनिका हर्ष व नरेश सैनी पूर्व चीफ तकनीकी अधिकारी सिविल हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र व सुखबीर लालर,देवेंद्र मान,अमन सिंगला,रजनी,राखी,रीतू गुप्ता, शिक्षक सतीश,सुदर्शन, सत्यवान,सूरजभान,टेक चंद मौजूद रहे।

# जागरूक बचपन-सशक्त युवा विषय पर सेमिनार आयोजित

## किशोरावस्था निरंतर विकास व परिवर्तन की उम्र है

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला बाल** कल्याण परिषद द्वारा गांव बड़वासनी स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनोवैज्ञानिक बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र की सेवाओं के तहत किशोर छात्राओं को सामाजिक परिवेश, प्रेरक संवाद करियर चयन में सहायक जागरूक बचपन-सशक्त युवा विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किय गया। इस सेमिनार में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि किशोरावस्था निरंतर विकास व परिवर्तन की उम्र है। आकर्षण,



जिज्ञासा, उत्तेजना, चंचलता, व्याकुलता की वजह से एकाग्रता का अभाव रहता है। यही वह घड़ी है जब कैरियर निर्माण हेतु उचित कदम बढ़ाए जा सकते हैं।
मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी ने कहा कि सही विषयों का चुनाव सही और गलत का भेद समझना जानना जरूरी है। वर्तमान और भविष्य जीवन की सफलता बहुत कुछ निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि आसपास के परिवेश, रुचि, आदत, नजरिया का व्यक्तित्व के हर पहलू पर भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश का सीधा असर पड़ता है। कुदरत ने हर व्यक्ति को निराला बनाया है सिर्फ अंतर्मन में झांक कर खुद को सही से पहचानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अपनी कमजोरी को ताकत में बदलना है और ताकत का निरंतर अभ्यास करके और अधिक निखारना है। अपने भीतर के घोड़े की पहचान करनी है उसे सही दिशा और गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी पूर्वक अपनी असफलता के लिए जिम्मेदार कारणों की सूची बनाएं जो छूट गया है उसे हासिल करने के लिए सही रोडमैप तैयार करें।

# अम्बाला के साहिबपुरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी साहा के नजदीक गांव साहिबपुरा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अम्बाला ग्रामीण - 2 रंजना मेहता के निर्देशन में समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम अम्बाला कैंट सतिन्द्र सिवाच भी शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने बेटियों से पौधारोपण भी करवाया गया। केक काटकर बेटियों का जन्मदिन मनाया गया। एसडीएम द्वारा सभी बेटियों को भेंट में पौष्टिक टोकरी दी गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा पौष्टिक व्यंजन बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई थी। सभी महिलाओं को उनके द्वारा पौष्टिक खाना खाने के लिए प्रेरित किया गया। खाने मे बाजरा, मकई आदि मोटे अनाज शामिल करने के लिए कहा गया। ग्रामवासियों को बताया गया कि बेटा बेटियों में भेदभाव न करे, बेटियां बहुत आगे तक जा रही है। इस मौके पर वन स्टाप केन्द्र के बारे में भी जानकारी दी गई। वन स्टाप सैन्टर के 181 नम्बर पर डायल कर सुरक्षा पाई जा सकती है। जोकि 39 ए दुर्गानगर अम्बाला शहर में है। जहां महिला को मुफ्त में मैडिकल, रहना, खाना पांच दिनों के लिए मिलेगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 अप्रैल 2023 ▸ पृष्ठ 10 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## श्री ब्राह्मण सभा, नरेला ने किया

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नरेला** विधानसभा क्षेत्र स्थित आर के इंटरनेशनल स्कूल, साफियाबाद रोड़ में श्री ब्राह्मण सभा, नरेल ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम की शोभा और भव्यता देखने लायक थी। इस मौके पर हजारों की संख्या में क्षेत्र के ब्राह्मणों सहित अन्य समुदायों के सम्मानित लोगों ने भी हिस्सा लिया। हर कोई भगवान परशुराम की आराधना में लीन नजर आ रहा था। भजनों और भगवान परशुराम पर आधारित मनमोहक झांकिया प्रस्तुत की गई, जिसे देख सब तालियां बजाने को मजबूर हो उठे। ढोल, नगाड़ों की थाप पर सभी थिरकने को मजबूर थे। भक्त हाथों में फरसे लेकर झूमते नाचते- गाते नजर आये।

**अतिथियों का हुआ भव्य स्वागत, किया अभिनंदनः** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का अभिनंदन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले), परशुराम रत्न के तौर पर मांगेराम शर्मा (हमीदपुर वाले), विष्णु दत्त कौशिक, राम नारायण भारद्वाज (पूर्व



चेयरमैन नरेला जोन), मोहन भारद्वाज ( पूर्व चेयरमैन स्थायी समिति), नरेंद्र शर्मा ( चेयरमैन आर के इंटरनेशनल स्कूल, नरेला), मोनू शर्मा (समाजसेवी, राठधाना वाले), रवि भारद्वाज ( चेयरमैन, एक्शन इंडिया) को पटका व ललाट पर चंदन का टीका लगाकर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने भगवान परशुराम के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान परशुराम जी को नमन किया।

**दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभः** अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कार्यक्रमस्थल भगवान परशुराम के जयघोष से गूंज उठा।

**गायक दादा लख्मी फिल्म के कलाकारों ने अपने भजनों से बांधां समांः** कार्यक्रम में कलाकारों ने भगवान परशुराम के ऊपर संगीतमयी भजन से कार्यक्रम में ऐसा समां बांधा कि लोग थिरकने को मजबूर हो उठे।

**गणमान्य अतिथियों ने भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान कियाः** इस मौके पर अतिथियों ने भगवान परशुराम की महिमा का बखान किया और युवाओं से भगवान परशुराम के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज कल्याण के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

**ये लोग रहे मौजूदः** सम्मानित सदस्य के तौर पर ( निगम पार्षद बांकनेर), राजेश भारद्वाज (अध्यक्ष), नंद कुमार वत्स (उप प्रधान), रमेश पारासर (सचिव), बनवारीलाल कौशिक (कोषाध्यक्ष), दौलत राम भारद्वाज, जय भगवान, दीनदयाल, ओम प्रकाश भराद्वाज, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र वशिष्ठ, सहित श्री ब्राह्मण सभा, नरेला विधानसभा क्षेत्र सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य की उपस्थिति रही।

**विष्णु दत्त भारद्वाज, प्रधान सुभाष रामलीला ड्रैमेटिकल नरेला: इस आयोजन में समस्त समाज का सर्वसमाज का बहुत सहयोग मिला। भगवान परशुराम सभी के लिए पूज्यनीय हैं। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई ।**



**`राम नारायण भारद्वाज, पूर्व चेयरमैन नरेला जोन: सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। हम सबको भगवान परशुराम जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। भगवान परशुराम शस्त्र के साथ-साथ शास्त्रों के भी ज्ञाता थे।**



**पंडित लीलाराम शर्मा: भगवान परशुराम पराक्रम के कारक और सत्य के धारक हैं। भगवान परशुराम दुष्टों के संहारक हैं। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक बधाई ।**



**मोहन प्रसाद भारद्वाज पूर्व चेयरमैन स्टैंडिंग कमिटी: भगवान परशुराम ने सम्पूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।**



**सुखबीर प्रधान गांव सफियाबाद: सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्रों के ज्ञाता थे। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।**



**विजय कौशिक: सभी को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। सत्य का मार्ग कठिन अवश्य ही है किंतु जो व्यक्ति इस मार्ग पर संघर्षरत रहता है उसका एक दिन कल्याण अवश्य ही होता है। सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई।**



**दौलत राम भारद्वाज: इस आयोजन में समस्त ब्राह्मण समाज और अन्य समुदाय के लोगों ने जो भरपूर सहयोग दिया उनका मैं तहेदिल से धन्यवाद करता हूं। इस आयोजन में सभी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, इसलिए सभी बधाई के पात्र हैं।**



**राजेंद्र प्रसाद शर्मा: भगवान परशुराम जन्मोत्सव की सबको बधाई । इस भव्य आयोजन के लिए ब्राह्मण सभा, नरेला का दिल की गहराईयों से अभिनंदन। भगवान परशुराम हम सबके आराध्य हैं। भगवान परशुराम का आशीर्वाद सबपर बना रहे।**



**जितेंद्र गोस्वामी: जिस प्रकार से भगवान परशुराम ने लोगों के जीवन में उजाला लाने का कार्य किया था, उसी प्रकार से हमें भी गरीब और निर्धन की झोंपड़ी में उजाला लाने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सकें।**



**`सोनी शर्मा, चेयरमैन, व्यापार मंडल: सभी को भगवान परशुराम जन्मोत्सव की बधाई। हम सबको भगवान परशुराम जी के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, क्योंकि सत्य झूठ के बीच अपनी राह खोज लेता है।**












